वर्ष- 22 अंक - 117 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12




दोपहर दैनिक

# सिटी ब्लास्ट

निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, शनिवार 10 अक्टूबर 2026

# जंतर-मंतर पहुंचे सैकड़ों कॉकरोच गिरफ्तार







## ● छावनी में तब्दील दिल्ली ● 35,000 सुरक्षाकर्मी तैनात ● ड्रोन से निगरानी, 250 ट्रेनें रद्द ● 45 मेट्रो स्टेशन बंद

नई दिल्ली ● एजेंसी

**मुंबई से दिल्ली रवाना हुए दिपके, ध्रुव राठी गिरफ्तार**

चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ आज दिल्ली में कॉकरोच जनता पार्टी अनुमति न मिलने के बावजूद प्रदर्शन कर रही है। पुलिस ने इस प्रदर्शन को रोकने के लिए दिल्ली को छावनी में तब्दील कर दिया। 35,000 से ज्यादा सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं। ड्रोन से निगरानी की जा रही है। 250 ट्रेनें रद्द कर दी गईं। 45 मेट्रो स्टेशन बंद कर दिए गए। सड़कों पर कील भी लगा दी गई। इसके बावजूद यहां सुबह-सुबह बड़ी तादाद में कॉकरोच जंतर-मंतर पर पहुंच गए। पुलिस ने इन्हें हटाकर करीब 600 लोगों को हिरासत में दिया है। इंदिरा चौक पर पुलिस से बचने के लिए कुछ लोग पब्लिक टॉयलेट में छिप गए, जहां से पुलिस ने 50 लोगों को पकड़कर गाड़ी में बैठाया और ले गई। यूट्यूबर ध्रुव राठी को पुलिस ने गुरुग्राम से डिटेन किया। कॉकरोच जनता पार्टी के अध्यक्ष अभिजित दिपके मुंबई से दिल्ली रवाना हो गए। जबकि सोनम वांगचुक ने कहा कि वे इस प्रदर्शन में शामिल नहीं होंगे। इंडिया गेट के आसपास इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई। प्रदर्शन के बीच कई पुलिसकर्मी बॉडी कैमरे लगाकर तैनात हैं ताकि हर अच्छी-बुरी हरकत पर इन कैमरों पर नजर रखी जा सके। दिल्ली से लगी सभी सीमाएं भी सील कर दी गईं। 350 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। प्रदर्शन से पहले क्रिमिनल रिकॉर्ड वाले 40 से ज्यादा लोगों को पकड़ा गया। आज के प्रदर्शन से कांग्रेस ने दूरी बना ली, लेकिन लेफ्ट पार्टी और आप इसमें शामिल होगी। प्रदर्शन के बीच दिल्ली पुलिस ने एक बांग्लादेशी युवक को गिरफ्तार किया जो एसआईआर के डर से भागने की तैयारी कर रहा था।


















## एमआईसी सदस्य और पार्षद ने किया पानी टंकी का निरीक्षण

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। देपालपुर विधानसभा के नगरीय वार्ड 16 में पार्षद सोनाली मुकेश धारकर के प्रयास से निर्माणाधीन पानी की टंकी को गति देने के लिए निगम जल समिति प्रभारी अभिषेक शर्मा बबलू और पार्षद सोनाली मुकेश धारकर ने निरीक्षण कर प्रगति की समीक्षा की और कहा कि 18 माह का लक्ष्य टंकी निर्माण में निर्धारित है, समय पर इसे पूरा किया जाए। इस दौरान क्षेत्रीय पार्षद सोनाली मुकेश धारकर, भाजपा नेता एवं पार्षद पति मुकेश धारकर, बहादुर सिंह डाबी, मनोहर प्रजापत, राहुल राजपूत सहित पीएचई के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## भाजपा नेता वालिया का सम्मान



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। सुंदर नगर में चौकसे परिवार द्वारा आयोजित भागवत कथा में विधानसभा दो से जुड़े भाजपा नेता सुरजीतसिंह वालिया ने व्यासपीठ का पूजन किया। सुरजीतसिंह वालिया और चंदू कुंजीर का सम्मान भी किया।
















# माहेश्वरी समाज की हंगामादार मीटिंग में मंत्री का इस्तीफा मंजूर

**कोषाध्यक्ष से हुई थी तकरार असाधारण सभा तक पहुंचा मामला, कुछ लोग अड़े, इस्तीफे की मांग की तो इस्तीफा भी दे दिया, मानधन्या को अगले अध्यक्ष के दावेदार के रूप में देखा जा रहा था**

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

तीन दिन पहले पुराने कोष मामले में जिला माहेश्वरी समाज के वर्तमान कोषाध्यक्ष राधेश्याम काबरा और वर्तमान मंत्री संजय मानधन्या के बीच बहस हुई थी और बाद में तीन लोगों ने बैठकर चाय भी पी थी। यह मामला अध्यक्ष सहित पदाधिकारियों के संज्ञान में आया था। अध्यक्ष ईश्वर बाहेती ने इसी मुद्दे पर बैठक लेकर मामले को समाप्त करवा दिया था। बताया जा रहा है कि संजय मानधन्या वर्तमान में मंत्री थे और वे आगामी अध्यक्ष के दावेदार थे, संभवतः इसी रणनीति को लेकर अन्य पदाधिकारी और सदस्यों ने मुद्दे को उठाया और मामले को असाधारण सभा में ले जाने का निर्णय लिया। जानकार कह रहे हैं कि असाधारण सभा का निर्णय कार्यसमिति में होता है और फिर सभा के लिए भी समय दिया जाता है, लेकिन कल आनन-फानन में हुई असाधरण सभा में करीब डेढ़ घंटे तक हंगामे की स्थिति बनी रही और कुछ लोग मंच के सामने मंत्री से इस्तीफे की मांग करते रहे, कुछ लोग मंच तक जा पहुंचे और आखिरकार मंत्री संजय मानधन्या को लिखित में


श्री दि. 9/10/26
श्रीमान अध्यक्ष महोदय,
श्रीमाहेश्वरी समाज इंदौर जिला
इन्दौर
महोदय,
मैं संजय संपतकुमार मानधन्या सत्र 26- का मंत्री (जिला समाज) निर्वाचित हूं मैं अपने पद से इस्तीफा देता हूं। मुझे समाज जब भी कोई सेवा कार्य सौंपेगा तो मैं पूर्ण निष्ठा से समर्पित होकर सेवा करूंगा। धन्यवाद!
समाज के लिये समर्पित -
आपका अपना
Sanjay
संजय संपतकुमार मानधन्या
धन्यवाद!

इस्तीफा देना पड़ा। इस्तीफा देने के बाद सदन से इस्तीफा पास करने की बात रखी तो कुछ लोगों ने हाथ ऊंचे किए और इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया। दो दिनों से काबरा और मानधन्या के बीच हुई तीखी बहस को माहेश्वरी समाज के सोशल मीडिया ग्रुप पर जमकर लिखा जा रहा था और बहस को आधार बनाकर असाधारण सभा तक लाया गया। मानधन्या समर्थकों ने सोशल मीडिया पर लिखा कि यह समाज के लिए काला दिन है और समाज के इतिहास में यह स्वर्णिम अक्षर में लिखा जाएगा। इधर काबरा के समर्थन में आए माहेश्वरी समाजजनों का कहना था कि समाज के जिम्मेदार पदाधिकारी की तीखी बहस बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कल रात 8 बजे के करीब बैठक जाजू सभागृह में शुरू हुई जो डेढ़ घंटे 9.30 बजे तक हंगामे के रूप में चली। इस्तीफा को लेकर जमकर हंगामा चला। अध्यक्ष ईश्वर बाहेती ने सभी को शांत करने की पूरी कोशिश भी की, लेकिन हंगामा इतना ज्यादा था कि कोई किसी की बात सुनने को तैयार नहीं था। असाधारण सभा इस तरह की पहले कभी नहीं हुई, जैसी कल हुई ऐसा समाजजन कह रहे हैं। अभी तो माहेश्वरी समाज मंत्री का इस्तीफा मंजूर कर चार्ज भी दे दिया गया है। जल्द ही कार्यसमिति की मीटिंग बुलाकर मंत्री का निर्णय भी कर लिया जाएगा। कुछ लोगों ने मंत्री के इस्तीफे को अगले अध्यक्ष के चुनाव से जोड़कर भी लिखा और कहा कि अब जब वे मंत्री ही नहीं रहेंगे तो अगला चुनाव भी मानधन्या नहीं लड़ पाएंगे, क्योंकि वे अभी कार्यकारी मंडल के सदस्य नहीं रहेंगे। मानधन्या समर्थकों ने यह भी लिखा कि दबाव डालकर इस्तीफा लिखाया गया, तो काबरा समर्थकों ने लिखा गलत भाषा का इस्तेमाल करोगे तो परिणाम यही आएगा। उल्लेखनीय है कि करीब तीन माह पहले ही चुनाव हुए थे और संजय मानधन्या सहित कुछ ही पदाधिकारी दूसरी पैनल से चुनकर आए थे।

# कांग्रेसियों के बीच जा पहुंचे थे प्राधिकरण के मुख्य अधिकारी

## दो घंटे चला प्रदर्शन, दो प्रश्न कांग्रेस ने रखे जिसका जवाब 7 दिन में देने की मांग की, पुतला भी जला डाला

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिन्टू चौकसे के आह्वान पर कल कांग्रेसियों ने दो प्रश्नों के जवाब में प्राधिकरण का घेराव किया। खुद चिन्टू चौकसे ने माइक हाथ में लेकर जमकर नारे लगाए। कांग्रेसियों ने साथ भी दिया। कांग्रेसी पुतला जलाने के लिए अपने साथ पुतला भी ले गए थे। कांग्रेसी पहले पुतला जलाना चाहते थे तो कुछ कांग्रेसी जहां प्रदर्शन चल रहा है उसके पीछे चल रहे झरने में पुतले को तर करना चाहते थे। अध्यक्ष चौकसे ने पुतले को तर करने से मना किया और आखिरकार बाद में पुतला आराम से प्राधिकरण के मुख्य अधिकारी परीक्षित झाड़े का जलाया गया। कांग्रेस का जब प्रदर्शन ठंडा नहीं हो रहा था इसी बीच मुख्य कार्यपालन अधिकारी परीक्षित झाड़े अपने कक्ष से नीचे आकर सीधे कांग्रेसियों के बीच पहुंच गए थे, जिसकी कांग्रेसियों को





उम्मीद नहीं थी। बेखौफ पहुंचे परीक्षित झाड़े ने कांग्रेसियों से चर्चा भी की। कांग्रेसियों ने उनके समक्ष दो सवाल रख दिए। पहला सवाल यही था कि विजय नगर आईडीए ग्राउंड पर मुफ्त में भाजपा को जगह क्यों दी, जवाब में झाड़े ने कहा वह सरकारी कार्यक्रम था, इस पर चिन्टू चौकसे ने कहा कि वह सरकारी आयोजन कैसे हो सकता है, क्योंकि उसमें सरकारी विभाग के ना अधिकारी थे और ना ही विभाग की उसमें सहभागिता थी इस पर झाड़े चुप रहे। कांग्रेस ने दूसरा मुद्दा उठाया रिजनल पार्क आईडीए ग्राउंड का 14 लाख रु. का किराया प्राधिकरण में 4 दिन का जमा कराया था और अब एक महीने तक पटाखे की दुकान लगाने वालों को जगह दी जा रही है और उनसे कितने रुपये लिए यह प्रश्न भी कांग्रेस अध्यक्ष ने किया। झाड़े ने कहा कि अभी यह तय नहीं हुआ है कि उनसे कितने रुपये जमा कराए जाएंगे, फिर चिन्टू ने पलटवार किया और कहा कि जब वहां राशि तय नहीं हुई तो दुकानें कैसे लगने लगी है, फिर झाड़े चुप हो गए। कांग्रेस ने 7 दिनों की चेतावनी दी कि हमारे दो प्रश्नों के जवाब चाहिए, नहीं तो फिर आन्दोलन करेंगे। झाड़े के वापस जाने के बाद उनका पुतला भी फूंक दिया गया। कुल मिलाकर एक दिन पहले कांग्रेस ने बड़ा गणपति से टोरी कार्नर तक विरोध का मार्च निकालकर टोरी कार्नर पर पुतला भी जलाया था और एक ही दिन बाद कांग्रेस ने फिर प्राधिकरण पर विरोध का हल्ला बोल दिया और जो कांग्रेस की तरफ से 14 लाख रु. चार दिन का किराया भरा गया था और भाजपा को मुफ्त में कार्यक्रम करने के लिए विजय नगर में जगह दे दी उसका दर्द कांग्रेस में दिखाई दिया और कांग्रेस ने कल अच्छा-खासा हिसाब-किताब विरोध प्रदर्शन में चुकता किया। विरोध प्राधिकरण में हुआ और निशाने पर भाजपा रही।

# विधायक शुक्ला के समर्थकों ने घेरा एरोड्रम थाना... टीआई समेत 6 को सस्पेंड करवाकर माने

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**एरोड्रम थाने में शुक्रवार देर रात एक सड़क दुर्घटना में घायल पुजारी की शिकायत पर सुनवाई और मेडिकल जांच में कथित देरी को लेकर जबरदस्त हंगामा हो गया। थाने के भीतर पुलिसकर्मियों द्वारा भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ अभद्र व्यवहार और मारपीट किए जाने की शिकायत पर विधायक गोलू शुक्ला समर्थकों की भारी भीड़ थाने के बाहर जमा हो गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के त्वरित हस्तक्षेप के बाद थाना प्रभारी समेत छह पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया।**

मरीमाता चौराहा स्थित मंदिर के पुजारी जयदीप दुबे सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए थे। दुर्घटना के बाद उनके साथ मारपीट करने वालों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने के लिए पुजारी, भाजपा कार्यकर्ता पंकज चौबे और अन्य सहयोगियों के साथ एरोड्रम

## एमएलसी और रिपोर्ट दर्ज करने में देरी पर हंगामा





थाने पहुंचे थे। थाने में एमएलसी और रिपोर्ट दर्ज करने की प्रक्रिया में हो रही देरी को लेकर पुलिसकर्मियों और कार्यकर्ताओं के बीच तीखी बहस हो गई, जो देखते ही देखते हाथापाई और हुज्जत में बदल गई। कार्यकर्ताओं का आरोप था कि थाने के भीतर पुलिसकर्मियों ने उनके साथ अभद्र व्यवहार और मारपीट की।घटना की जानकारी मिलते ही विधानसभा क्षेत्र-3 के विधायक गोलू शुक्ला के समर्थन में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी देर रात एरोड्रम थाने पहुंच गए। थाने के बाहर भारी भीड़ ने पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस उग्र प्रदर्शन के कारण थाने के बाहर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।बढ़ते तनाव और गंभीर स्थिति को देखते हुए पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे। एडिशनल डीसीपी सुमित केरकेट्टा ने थाने के बाहर आकर प्रदर्शनकारी कार्यकर्ताओं और भाजपा पदाधिकारियों से चर्चा की। प्रारंभिक जांच में प्रथम दृष्ट्या मारपीट और अभद्रता होना पाए जाने पर, एडिशनल डीसीपी ने प्रदर्शनकारियों के सामने ही थाना प्रभारी वेदेन्द्रसिंह कुशवाह, एक सब-इंस्पेक्टर सहित 6 पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड करने की घोषणा की। इसके बाद कार्यकर्ताओं का गुस्सा शांत हुआ और प्रदर्शन समाप्त हुआ। कार्यकर्ता पुलिस कर्मियों को सस्पेंड करवाकर ही माने। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले के अन्य पहलुओं की निष्पक्ष जांच की जा रही है।

## विधायक ने लगाया था फोन

बताया जा रहा है कि पं. जयदीप दुबे के साथ घटना दोपहर में हुई थी। इसके बाद घटना को लेकर विधायक गोलू शुक्ला ने थाना प्रभारी को फोन भी लगाया था। तब टीआई कुशवाह ने शाम 6 बजे जयदीप को थाना भेजने की बात कही। जिसके बाद कार्यकर्ता पंकज चौबे के साथ पं. दुबे शाम 7 बजे थाना पहुंचे थे जहां पुलिसकर्मियों ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया। जिसके बाद रात तक मामला गर्मा गया और वरिष्ठ अधिकारियों को मामले में हस्तक्षेप करना पडा। दूसरी ओर बताया जा रहा है मामले की जानकारी प्रदेश संगठन तक भी पहुंच गई थी। कल प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल भी शहर में ही थे।

# निपानिया होते हुए रिंग रोड तक बनने वाली सड़क में आएगी 39 भूस्वामियों की जमीन

## निगम ने जाहिर सूचना के माध्यम से की उद्घोषणा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**नगर निगम के द्वारा मास्टर प्लान के प्रावधान वाली सड़क बनाने के लिए चलाए जा रहे हैं अभियान में निपानिया होते हुए रिंग रोड तक बनने वाली सड़क में 39 लोगों की जमीन आएगी। निगम की ओर से जाहिर सूचना के माध्यम से इसकी सार्वजनिक उद्घोषणा कर दी गई है।**

केंद्र सरकार से मिले 450 करोड रुपए से इंदौर नगर निगम के द्वारा मास्टर प्लान के प्रावधान वाली 23 सड़कों के निर्माण का कार्य शहर में हाथ में लिया गया है। इनमें से 18 सड़कों का निर्माण शुरू कर दिया गया है जबकि पांच सड़कों का निर्माण शुरू किया जाना है। जिन सड़कों का निर्माण नगर निगम के द्वारा शुरू कर दिया गया है उसमें एडवांस एकेडमी से निपानिया होते हुए रिंग रोड तक की सड़क भी शामिल है। इंदौर विकास योजना 2021 में यह सड़क 30 मीटर की चौड़ाई में प्रस्तावित की गई है। नगर निगम के द्वारा विकास योजना के प्रावधान के अनुसार इस सड़क का निर्माण किया जाना है। इसके लिए निगम के द्वारा विधि सम्मत कार्रवाई को अंजाम दिया जा रहा है।

निगम की ओर से इस सड़क के निर्माण की दिशा में एक बड़ी पहल करते हुए 39 लोगों की सूची को जारी किया गया है। इन लोगों की जमीन इस सड़क के निर्माण की परिधि में आ रही है। इनमें से कई लोगों की जमीन खाली है तो कई लोगों के द्वारा उसे जमीन पर निर्माण भी किए हुए हैं। इन गोस्वामियों की सूची को सार्वजनिक करते हुए नगर निगम के द्वारा संबंधित व्यक्तियों से अगले तीन दिन के अंदर अपनी जमीन के स्वामित्व के दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है। यह दस्तावेज प्रस्तुत करने के साथ उन्हें इस जमीन पर निर्माण में अपनी ओर से कोई आपत्ति नहीं होने की सहमति भी देना है। यदि किसी भूस्वामी के द्वारा दस्तावेज या आपत्ति प्रस्तुत नहीं किए जाते हैं। तो यह मान लिया जाएगा कि उनको इस प्रोजेक्ट में कहीं कोई आपत्ति नहीं है। आपत्ति का प्रस्तुत नहीं किया जाना सहमति का प्रतीक होगा। निगम के द्वारा इस पहल के माध्यम से इन सभी व्यक्तियों की संपत्ति में से स्थान प्राप्त कर सड़क के निर्माण को सुनिश्चित करने की कोशिश की गई है। इस कोशिश के तहत अब आने वाले समय में इन लोगों की जमीन पर सड़क का निर्माण बिना किसी रोक-टोक के किया जा सकेगा। निगम की ओर से इस निर्माण को गतिशील अवस्था में लाने के लिए यह पहल की जा रही है।

### टीडीआर दिया जाएगा

नगर निगम के द्वारा सड़क के निर्माण के लिए यदि किसी का भी निर्माण तोड़ा जाता है अथवा जमीन को लिया जाता है तो उसके लेवल में संबंधित व्यक्ति को ट्रांसफर आफ डेवलपमेंट राइट्स का सर्टिफिकेट जारी किया जाता है। मास्टर प्लान की सड़कों में इस प्रावधान का नगर निगम के द्वारा बेहतर तरीके से उपयोग किया जा रहा है। अब एडवांस एकेडमी शेयरिंग रोड तक बनने वाली इस सड़क में भी जमीन मालिकों के नाम सार्वजनिक करने के बाद जब सड़क के निर्माण को गति दी जाएगी तो फिर इन संबंधित व्यक्तियों के नाम पर टीडीआर का प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा।

## जोधपुर के लिए सीधे, तो कोच्चि के लिए मिलेगी व्हाया फ्लाइट

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। इंडिगो ने अपना विंटर शेड्यूल जारी करते हुए जोधपुर के लिए सीधे तो कोच्चि के लिए व्हाया फ्लाइट दी है। इन्दौर से जोधपुर के लिए 11.10 बजे फ्लाइट रवाना होगी जो 12.40 बजे जोधपुर पहुंचेगी। वहीं जोधपुर से 9.00 बजे फ्लाइट रवाना होकर 10.25 बजे इन्दौर पहुंचेगी। इसके अलावा कोच्चि के लिए दो फ्लाइट दी है। एक फ्लाइट व्हाया गोवा तो दूसरी फ्लाइट व्हाया पुणे आएगी और जाएगी।

## सुभाष नगर में तीन मंजिला खतरनाक मकान तोड़ा

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। नगर निगम रिमूवल गैंग ने आज सुबह कार्रवाई करते हुए सुभाष नगर में तीन मंजिला खतरनाक मकान को तोड़ दिया। इस मकान को तोड़ने के लिए नगर निगम द्वारा पहले से ही नोटिस जारी कर दिया गया था। नोटिस के माध्यम से मकान की मालिक जावेदीबाई से कहा गया था कि यह मकान खतरनाक स्थिति में है, ऐसे में यह मकान कभी भी गिर जाने से जनता को नुकसान पहुंच सकता है। ऐसी स्थिति में यह आवश्यक है कि



आप स्वयं ही अपने मकान के खतरनाक हिस्से को तोड़ लेवें। नगर निगम के द्वारा नोटिस दिए जाने के बावजूद मकान मालिक के द्वारा मकान के खतरनाक हिस्से को तोड़ने में कोई रुचि नहीं ली गई। इसका परिणाम यह हुआ कि नगर निगम को खुद आज कार्रवाई करने के लिए मैदान में उतरना पड़ा। जब नगर निगम की टीम कार्रवाई करने के लिए पहुंची तो वहां इस कार्रवाई का किसी ने कोई विरोध नहीं किया और कोई विवाद भी नहीं हुआ। निगम की टीम के द्वारा जेसीबी मशीन की मदद से ग्राउंड फ्लोर और ऊपर की दो मंजिल के रूप में बने हुए इस मकान के खतरनाक हिस्से को तोड़ने का काम किया गया।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने दिग्विजय सिंह सरकार को कराया याद




### 35 मंडल को मिले 25-25 हजार के चेक

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। भाजपा नगर ने कल गार्डन में मासिक बैठक बड़े रूप में आयोजित की। इस बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल भी पहुंचे थे। खंडेलवाल ने अपने उद्बोधन में दिग्विजय सिंह सरकार के बंटाढार म.प्र. का भी जिक्र किया। खंडेलवाल ने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे जनता और युवाओं को 2003 के पहले के बंटाढार म.प्र. के हित बताए। खण्डेलवाल ने कहा कि क्योंकि हम आज जिस जिम्मेदारी पर है, जिस दायित्व पर है, उस दायित्व के अनुरूप कार्य करते हुए पार्टी संगठन का विस्तार करें। भाजपा का ही कार्यकर्ता हैं जो चाहे आधी रात हो, बारिश हो, सर्दी हो या गर्मी डटा रहता है। इसलिए आज भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन बना है। प्रदेश अध्यक्ष की मौजूदगी में भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और अपेक्षित मौजूद रहे। 35 मंडलों को साउंड सिस्टम एवं मंडल खर्च हेतु 25-25 हजार के चेक वितरित किए। भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने सेवा संकल्प अभियान के कार्यवृत्त की जानकारी दी।

## कलाकारों का सम्मान पूर्व विधायक ने किया

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। श्री गीता रामेश्वरम ट्रस्ट एवं नेताजी सुभाष मंच के संयुक्त तत्वावधान में अनंत चतुर्दशी पर निकले गणेश विसर्जन चल समारोह से जुडे




कलाकारों का सम्मान किया गया। मदन परमालिया ने बताया कि पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल ने 103 वर्षों की जारी परम्परा को जीवित रखने वालों कलाकारों का सम्मान किया।

## युवाओं से आज चर्चा का आयोजन पहले आने वाले थे मुख्यमंत्री

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। म्यूज पिंच द्वारा आज प्रशासन के साथ मिलकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में ब्रिलियन्ट कन्वेंशन सेंटर में युवाओं से आज चर्चा का आयोजन रखा गया था। इसकी पूरी तैयारियां भी कर ली गई थी और प्रशासन ने ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर भी मुख्यमंत्री की मौजूदगी वाले आयोजन में बुक करा दिया गया था। अचानक मुख्यमंत्री का कार्यक्रम निरस्त हो गया, जिससे कार्यक्रम पर कहीं ना कहीं प्रभाव दिखाई देगा। उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी की मौजूदगी में पिछले माह के अन्त में छात्रों की गूंज कार्यक्रम रीजनल पार्क में हुआ था, उसी के मुकाबले यह आयोजन आज मोहन की गूंज के रूप में किया जाना था। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं की सहभागिता भी होने वाली थी। मौके पर युवा अपने मुद्दे उठाते, जिसका जवाब डॉ. मोहन यादव देते। इस आयोजन को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई थी, लेकिन अचानक संदेश आया कि मुख्यमंत्री इंदौर नहीं आ रहे हैं। इस कारण यह कार्यक्रम अब मुख्यमंत्री की उपस्थिति के बगैर होगा।




## जिला के भाजपाइयों को भी दिया खंडेलवाल ने मार्गदर्शन

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कल जिला भाजपा ग्रामीण की बैठक ली। बैठक में खंडेलवाल ने पुराने भाजपा नेताओं के योगदान को याद किया और कहा कि पद आते-जाते रहते हैं, कार्यकर्ता हमेशा रहता है, कार्यकर्ता ही हमेशा संगठन की ताकत बना रहता है। जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी और अपेक्षित मौजूद रहे।

## मंत्री के शहरी क्षेत्र में कांग्रेस का प्रदर्शन



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। सांवेर विधानसभा के शहरी वार्ड 37 में जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े ने खराब सड़कें, फूटी ड्रेनेज और बंद स्ट्रीट लाईट की समस्या पर तुलसी नगर में रहवासियों की मौजूदगी में प्रदर्शन कर निगम को 7 दिन का अल्टीमेटम भी दिया और समस्याओं के स्थाई समाधान की मांग भी की गई। विपिन वानखेड़े, चिन्टू चौकसे, अमन बजाज, विक्रमसिंह सचान, दीपू ठाकरे, राजा गोस्वामी, राहुल गुलाने, वैशाली जाधव, विकास नंदवाना मौजूद थे।

## स्वर्ण सेना ने किया फैसले का स्वागत

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। स्वर्ण सेना, करणी सेना, श्री परशुराम सेना, काली सेना, कायस्थ समाज, वैश्य समाज ने बयान जारी कर जबलपुर उच्च न्यायालय में ओबीसी आरक्षण पर उच्च न्यायालय के फैसले का स्वागत किया है। हाईकोर्ट का फैसला इंदिरा साहनी प्रकरण के अनुरूप ही हुआ है। उक्त जानकारी अनूप शुक्ला ने दी।

# अल सुबह से ही लग गया खंडवा रोड पर जाम

## *आज शनेश्चरी अमावस्या पर स्नान के लिए श्रद्धालु जा रहे हैं ओंकारेश्वर और खेड़ीघाट एवं बाईंग्राम शनि मंदिर*

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



आज शनिवार को अमावस्या आई तो धार्मिक़ रूप से दोहरा लाभ श्रद्धालुओं को मिल रहा है। आज सुबह से श्रद्धालु जहां ओंकारेश्वर और खेड़ीघाट में माँ नर्मदा का आशीर्वाद लेने और स्नान करने के साथ ओंकारजी और ममलेश्वर में पूजा आराधना करने पहुंच रहे हैं। कुछ लोग रात में ही निकले तो कुछ अलसुबह से निकलना श्रद्धालु का जारी रहा। यह क्रम सुबह के बाद समाचार लिखे जाने तक भी जारी है। आज शनेश्चरी अमावस्या होने की वजह से खंडवा रोड स्थित बाईंग्राम शनि मंदिर में भी श्रद्धालु शनिदेव के दर्शन करने तेल अर्पण करने पहुंच रहे हैं। आज खंडवा रोड पर सुबह से वाहन की संख्या अत्यधिक नजर आ रही है। कुछ जगह जाम की स्थिति भी नजर आई रही है। इधर श्रद्धालु आज सुबह से उज्जैन माँ क्षिप्रा के स्नान करने और महाकाल बाबा के दर्शन करने भी पहुंच रहे हैं। इंदौर से उज्जैन रोड पर भी यातायात का दबाव बना हुआ है। शहर के शनि मंदिरों पर भी सुबह से आस्था की दरकार नजर आ रही है। श्रद्धालु सुबह से गौशाला भी पहुंच रहे हैं और गौपूजन कर गौ पेटपूजा भी कराई जा रही है। कुल मिलाकर आज अमावस्या के साथ शनिदेव की शनेश्चर अमावस्या होने से और सर्वपितृ अमावस्या होने से भी श्रद्धालुओं की आस्था धार्मिक रूप से नजर आ रही है।

# आज घर के सर्व पितरो को किया जा रहा है याद

## *सर्वपितृ अमावस्या पर दी जा रही है धूप, ब्राह्मणों को कराया जा रहा है भोज*

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** आज श्राद्ध का अंतिम दिन है और अमावस्या का श्राद्ध किया जा रहा है। वहीं आज सर्वपितृ याने अगर कोई पितृ को श्राद्ध में लेने से चुक हुई तो उन्हें भी याद कर उनके नाम की धूप भी दी जा रही है। घरों में प्रसादी बनाई गई है और पूजन, धूप के बाद परिजन भी सर्वपितृ अमावस्या की प्रसादी ले रहे हैं। घरों में सभी पितरों को याद कर भोग गाय और कौवे के लिए भी निकाली जाती है, लेकिन दोनों कहीं जगह नजर नहीं आ रहे हैं। घरों में ब्राह्मणों को भी सर्वपितृ अमावस्या पर भोज के लिए आमंत्रित कर ससम्मान भोजन कराने के बाद तिलक और दक्षिणा का क्रम भी जारी है।



# शनिदेव को अर्पण किया जा रहा है तेल और तिल

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** आज सर्वपितृ अमावस्या के साथ शनेश्चरी अमावस्या का संयोग बना है। आज धार्मिक महत्व का दिन माना जा रहा है, जहां घरों में सर्वपितृ अमावस्या पर पितरों को याद किया जा रहा है। वहीं श्रद्धालु पवित्र नदियों में स्नान करने ओंकारेश्वर और खेड़ीघाट के अलावा क्षिप्रा नदी के लिए भी निकले हैं। ज्योतिर्लिंग ओंकारेश्वर-ममलेश्वर और महाकाल बाबा के दर्शन भी किए जा रहे हैं। शनि मंदिरों में सुबह से आस्था की दरकार दिख रही है। बड़े शनि मंदिरों में तो सुबह से श्रद्धालुओं कतार लगी है। श्रद्धालु अपने बाबा को आज अमावस्या पर तेल और तिल अर्पण कर रहे हैं और बाबा से आशीर्वाद भी ले रहे हैं। शनि मंदिरों में सुबह से लेकर रात तक श्रद्धालुओं की आस्था नजर आएगी।

# पेड़ों की कटाई के विरोध में धरना और मानव श्रृंखला



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** एमओजी लाइन में पुराने पेड़ों की कटाई के विरोध में रहवासियों और पर्यावरण प्रेमी मंच ने मौन धरना दिया। मानव श्रृंखला बनाकर पेड़ों के संरक्षण का संदेश दिया और क्षेत्र में रैली निकालकर नागरिकों को हरियाली बचाने के लिए जागरूक किया।

# अहिल्या सेना ने कहा मनचलों की खैर नहीं



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** अहिल्या मंच की अध्यक्ष डॉ माला सिंह ठाकुर की अगुवाई में सैंकड़ों की संख्या में युवतियों को ट्रेनिंग देकर सेल्फ डिफेंस के लिए तैयार किया गया है शहर के विभिन्न गरबा पांडालों में यही अहिल्या सेना बहनों की सुरक्षा का संकल्प भी लेगी। शहरभर के स्कूल-कॉलेजों में अब तक 22 से ज्यादा कैम्प लगाए गए हैं जिनमें बड़ी संख्या में छात्राओं को मनचलों को सबक सिखाने की ट्रेनिंग दी गई है। डिफेंस एक्सपर्ट मनीष आर्या की टीम ने इन सभी शिविरों में मनचलों से निपटने के गुर बालिकाओं को सिखाए हैं ताकि मनचलों की किसी भी हरकत का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए ये अहिल्या सेना की कार्यकर्ता पूरी तरह से तैयार रहें। मंच ने अहिल्या आत्मरक्षा शिविरों के माध्यम से छात्रावासों व कॉलेजों की युवतियों को सेल्फ डिफेंस के लिए तैनात किया है। अहिल्या सेना की इस पहल के बाद अब गरबा पांडालों में भी सतर्कता रखने पर जोर दिया जा रहा है, साथ ही युवतियों के आत्मविश्वास में भी इन शिविरों का अच्छा खासा प्रभाव देखा जा रहा है। कुल मिलाकर, अहिल्या आत्मरक्षा शिविरों के चलते पितृ पक्ष में बालिकाओं ने अपनी रक्षा स्वयं की जिम्मेदारी का संकल्प लिया है और मनचलों को सबक सिखाने के लिए यही अहिल्या सेना अब सक्रिय हो गई है।

# मंत्री के क्षेत्र में बिजली बंद मुद्दे पर किसान आंदोलन की चेतावनी

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** मंत्री तुलसीराम सिलावट के सांवेर विधानसभा के ग्राम बालोदा टाकून में कृषि सिंचाई की बिजली दिन में करीब 10 से 12 बार बंद-चालू होने से किसान भारी परेशान हैं। वर्षा की कमी के बीच किसान फसल बचाने के लिए सिंचाई पर निर्भर हैं, लेकिन लगातार ट्रिपिंग और फॉल्ट से सिंचाई प्रभावित हो रही है। भारतीय किसान एवं मजदूर सेना के अध्यक्ष बबलू जाधव ने पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक को शिकायत भेजकर कृषि लाइन एवं ट्रांसफार्मरों का तत्काल विशेष मेंटेनेंस कराने और समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की है। जाधव ने कहा कि किसानों की शिकायतों के बावजूद लाइनमैन द्वारा फोन नहीं उठाने और शिकायतों की अनदेखी किए जाने की शिकायतें मिल रही हैं। किसानों के नंबर ब्लैकलिस्ट किए जाने के आरोपों की भी जांच की जाए तथा दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की जाए। बबलू जाधव ने मांग की कि लाइनमैन को बालौदा टाकून से हटाकर जिम्मेदार कर्मचारी की नियुक्ति की जाए। शीघ्र समाधान नहीं होने पर किसानों द्वारा आंदोलन किया जाएगा।

तीन दिवसीय
40 वाँ अखिल भारतीय अग्रवाल व वैश्य युवक - युवती
परिचय सम्मेलन
दिनांक - 19-20 व 21 दिसम्बर 2026
स्थान - शुभ कारज गार्डन, राजीव गाँधी चौराहा, ए बी रोड, इंदौर (म.प्र.)
राजेश गर्ग, शिव जिंदल, कमलेश मित्तल, राजकुमार बंसल, राजू बंसल, सतीश गोयल, विनोद गोयल, सतीश गोयल
मनीष मित्तल, निरंजन गुप्ता, संजय मंगल, दुर्गेश अग्रवाल, मनीष खजांची, पवन बंसल, विजय गर्ग
अग्रसेन सोशल ग्रुप, इन्दौर
कार्यालय : 481, गोयल विहार, खजराना, इन्दौर (म.प्र.)
संपर्क - 93032 30264, 99260 22522, 6261044277, 9425318281, 9827212527

महाराजा
अग्रसेन जयंती
की हार्दिक शुभकामनाएँ
11 अक्टूबर को राजवाड़ा से चिमनबाग तक निकलने वाली शोभायात्रा में अधिक से अधिक समाजजन शामिल होवे।
दिनेश कुमार-अनूप कुमार अग्रवाल
महीप अग्रवाल-यश अग्रवाल, हित अग्रवाल
471, सुदामा नगर, 60 फीट रोड, इंदौर

महाराजा
अग्रसेन जयंती
की शुभकामनाएँ
दादा गुरुजी
RSD INFRA FIRMS
UTTAM DEVELOPERS
SAVITRI ENTERPRISES
राजेंद्र बंसल
नित्यम बंसल
आज शाम सांईनाथ मन्दिर नन्दानगर से अग्रसेन धाम मालवा मिल अनाज मंडी तक निकलने वाली कलश यात्रा और
11 अक्टूबर को राजवाड़ा से चिमनबाग मैदान तक निकलने वाली शोभायात्रा में अग्रवाल समाजजन शामिल होवे

महाराजा
अग्रसेन जी की जयंती पर हार्दिक बधाई
11 अक्टूबर को राजवाड़ा से चिमनबाग तक निकलने वाली शोभायात्रा में अधिक से अधिक समाजजन शामिल होवे।
मे. रामकुंवर लक्ष्मीनारायण गर्ग
61, कसेरा बाजार, इन्दौर (म.प्र.) फोन नं. : 2531273
Archita Bartan House
126, Jawahar Marg (Mohanpura) Indore (M.P.) Tel.: 0731-2340130

अग्रसेन जयंती की हार्दिक शुभकामनाएँ
11 अक्टूबर को राजवाड़ा से चिमनबाग तक निकलने वाली शोभायात्रा में अधिक से अधिक समाजजन शामिल होवे।
शुभी ट्रेडर्स
सभी प्रकार के अलोह धातु के क्रेता एवं विक्रेता
संजय अग्रवाल ❀ सौरभ अग्रवाल
3, देवनारायण मन्दिर मार्केट, रामलक्ष्मण बाजार, इन्दौर

# अग्रसेन प्रतिमा पर सैकड़ों दीपों का प्रज्जवलन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्री अग्रोहा कपल ग्रुप एवं जय दादी दरबार की मेजबानी में नवलखा स्थित अग्रसेन प्रतिमा स्थल और चौराहा पर कल दूधिया रोशनी में हजारों मातृशक्ति और समाजबंधुओं की मौजूदगी में जगमगा उठा। सैकडों दीपों से प्रज्जवलन भी किया गया। नर्मदापुरम से आए पं. अविनाश शास्त्री और उनके 8 साथियों ने परम्परागत वाद्य यंत्रों की मंगल ध्वनि के बीच काशी के मणिकर्णिका घाट, हरिद्वार की हर की पौड़ी, नर्मदापुरम के सेठानी घाट एवं महेश्वर के अहिल्या घाट पर होने वाली महाआरती के जीवंत दर्शन की प्रस्तुतियों से मन मोह लिया। संगीता अरविंद बागड़ी ने बताया कि चौराहा पितृ पुरुष महाराजा अग्रसेन और कुलदेवी महालक्ष्मी के जयघोष से गूंज उठा। प्रतिमा के आसपास एलईडी और एलसीडी की मदद से गंगा एवं नर्मदा के प्रवाह तथा सुंदर घाटों के दृश्यों ने इस महाआरती को जीवंत बना दिया। अपने-अपने घरों से पूजा की थाली सजाकर लाई 200 से अधिक महिलाओं और परंपरागत मारवाड़ी गुलाबी परिधान में सज-धजकर आई 500 से अधिक महिलाओं ने पितृ पुरुष की भावपूर्ण आरती प्रस्तुत की। अशोक ऐरन, टीकमचंद गर्ग, दिनेश मित्तल, गोविन्द सिंघल, राजेश बंसल, कुलभूषण मित्तल कुक्की, प्रकाश मोमबत्ती सहित अन्य अतिथि थे। किरण तायल, निर्मला जिंदल, ज्योति अग्रवाल, उषा बंसल, पुष्पा गुप्ता, मीरा गोयल, शीतल तोड़ीवाला, चंचल अग्रवाल, अर्पिता सोनू अग्रवाल, मेघा अग्रवाल पीपल्याहाना, अनामिका अग्रवाल सहित विभिन्न महिला संगठनों ने आरती की थाली सजाने की स्पर्धा में शामिल बहनों का मार्गदर्शन किया।

# महाराजा आज शाम देंगे आशीर्वाद तो महालक्ष्मी देंगी बरकती सिक्के

## पूर्व क्षेत्र की 50 से अधिक कालोनियों के अग्रवाल बंधु नंदानगर साईं मंदिर से निकालेंगे कलश यात्रा



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्री अग्रवाल समाज पूर्वी क्षेत्र द्वारा महाराजा अग्रसेन की जयंती की पूर्व संध्या पर आज शाम 6 बजे से नंदानगर स्थित साईं मंदिर से निकलने वाली कलश यात्रा में महाराजा अग्रसेन एक सुसज्जित रथ पर सवार होकर जहाँ समाजबंधुओं को शुभाशीष देते हुए चलेंगे वहीं कुलदेवी महालक्ष्मी भी एक अन्य रथ पर विराजित होकर अपने भक्तों को बरकती सिक्कों का वितरण करेगी। कलश यात्रा में समाज के 18 गोत्र के प्रतीक 18 ध्वजारोही घुड़सवार, 501 मंगल कलशधारी महिलाएं, फेंसी ड्रेस में सजे नन्हें-मुन्ने बच्चे, गरबा एवं भजन मंडलियां भी रहेगी। परामर्शदाता पी.डी. अग्रवाल कांट्रेक्टर, संयोजक गणेश गोयल ने बताया कि कल बैठक में तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया। यह कलश यात्रा नंदानगर साईं मंदिर से मालवा मिल अनाज मंडी पहुंचेगी। इस यात्रा में जहां पूर्व क्षेत्र के 50 से अधिक कॉलोनियों के हजारों समाज बंधु महाआरती शामिल होंगे। अजय गोयल, गोविन्द गर्ग, नरेश मित्तल, विजय मित्तल, सतीश मंगल, राजेंद्र अग्रवाल, गोविन्द मंगल आयोजन से जुडे है। अतिथि के रूप में विनोद अग्रवाल, टीकमचंद गर्ग, दिनेश मित्तल, पवन सिंघानिया, प्रकाश मोमबत्ती, राजेश गर्ग केटी, अशोक ऐरन, प्रयोग गर्ग, जगदीश बाबाश्री, प्रमोद बिंदल, शैलेष गर्ग, महेश मित्तल एवं पूर्वी क्षेत्र के अग्रवाल समाजजन बडी संख्या में मौजूद रहेंगे। यात्रा का जगह-जगह स्वागत होगा।

## अग्रवाल महासंघ कल सुबह निकालेगा प्रभातफेरी

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्री अन्नपूर्णा क्षेत्र अग्रवाल महासंघ के तत्वावधान में महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में रविवार 11 अक्टूबर को सुबह 6 बजे रणजीत हनुमान मंदिर पर चोला अर्पण करने के बाद मंदिर प्रांगण से प्रभात फेरी निकाली जाएगी जो फूटी कोठी चौराहा स्थित पुखराज पैलेस पर पहुंचकर स्नेह मिलन एवं महाआरती के साथ सम्पन्न होगी। किशोर गोयल, मुकेश ब्रजवासी, शिव गर्ग ने बताया कि प्रभातफेरी में दो रथ एवं अश्वारोही युवा तथा एवं अहिल्या माता विराजित होंगी। मार्ग में समाज बंधुओं द्वारा 5 स्थानों पर स्वागत मंच लगाए जा रहे हैं, जगह-जगह स्वागत भी होगा। महाआरती भी होगी।

# अग्रसेन यूथ क्लब द्वारा आज शाम हास्य कवि सम्मेलन




**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अग्रसेन यूथ क्लब द्वारा महाराजा अग्रसेन की जयंती की पूर्व संध्या पर आज शनिवार 10 अक्टूबर की शाम 7.30 बजे से शुभ कारज गार्डन पर स्नेह मिलन समारोह एवं रात 10 बजे से 'एक शाम अग्रवाल समाज के नाम' हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यूथ क्लब के अध्यक्ष प्रतीक गुप्ता एवं सचिव सौरभ गोयल बालाजी ने बताया कि हास्य कवि सुदीप भोला, मोनिका देहलवी, मनीषा सक्सेना, प्रीति पाण्डेय, दिनेश देसी घी, दमदार बनारसी, धीरज शर्मा एवं एकाग्र शर्मा सहित देश के जाने-माने कवि, शायर अपनी रचनाएं प्रस्तुत करेंगे। आयोजन से गोविन्द सिंघल मामा, संजय बांकडा, प्रयोग गर्ग सहित अन्य जुडे हुए है। अतिथि के रूप में टीकमचंद गर्ग, पवन सिंघानिया, दिनेश मित्तल,राजेश गर्ग केटी, संदीप जैन मोयरा मौजूद रहेंगे।



## स्काउट गाइड का दीक्षा संस्कार समारोह

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** अरिहंत नगर विनर्स एकेडमी में स्काउट गाइड का दीक्षा संस्कार समारोह आयोजित किया गया। ध्वज फहराया गया, स्काउट और गाइड को शपथ दिलाई गई और प्रतिज्ञा भी दोहराई गई, स्कार्फ, बेच पहनाए गए, तिलक लगाया गया। इस दौरान संस्था सचिव कैलाशचंद्र वर्मा, प्राचार्या कामाक्षी सावंत, प्रमोद गंगराड़े, राजेश नरगेर, विजेता वर्मा मौजूद थे।

## बाहर होने वाले परिचय सम्मेलन का निमंत्रण

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** निमाड़ मालवा टीम का भव्य सर्व घटकों का परिचय सम्मेलन आयोजन 1 नवंबर को मनावर में होने जा रहा है। आयोजन समिति के पदाधिकारी इंदौर में निमंत्रण देने पहुंचे। राजेन्द्र वर्मा, राजेंद्र नामदेव, शैलेन्द्र नामदेव, महेश सिंगारे, सुनील नामदेव, सोनू भगत, विजय सुसारी, हुकुम नामदेव, आकाश वैद्य, नन्दकिशोर, धनराज ने आशीर्वाद ग्रुप ऑफिस पहुंचकर मुकेश नामदेव, सुभाष वर्मा, पिन्टू नामदेव, सुरेश परमार, अमित नामदेव, आदित्य नामदेव, आर्यमन नामदेव, डॉ. गजानन नामदेव, प्रो. शंकरलाल अखोते, साधुप्रसाद नामदेव को निमंत्रण दिया।



# सर्वपितृ को याद कर आज सुबह कई जगह हुए तर्पण आयोजन





**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्राद्ध पक्ष का आज अंतिम और महत्वपूर्ण दिन है। आज जहां अमावस्या का श्राद्ध मनाया जा रहा है वहीं आज सर्वपितृ को भी याद किया जा रहा है। घरों में भी आज सर्वपितृ की धूप देकर पितरों को याद किया जा रहा है। शहर में करीब एक दर्जन से अधिक जगह पर तर्पण के आयोजन हो रहे हैं। इन सभी जगह आज सुबह से आस्था की दरकार पितरों के लिए पूजा में नजर आई। विद्वान पंडितों ने आज सुबह से अलग-अलग जगह खासतौर से हंसदास मठ, कृष्णपुरा छत्री, परदेशीपुरा शिवधाम सहित अन्य जगह पर तर्पण आयोजन किए गए। आज सर्वपितृ अमावस्या पर इन सभी जगह पर निःशुल्क तर्पण के आयोजन हुए।

# कल से होगी माता आराधना

## मंदिरों में अंतिम दौर की तैयारियां घट स्थापना से होगा भक्ति का क्रम

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट।**

आज जहां श्रद्धालु सर्वपितृ और शनेश्चरी अमावस्या पर धार्मिक आयोजन कर रहे हैं। वहीं कल से माता आराधना का नवरात्रि पर्व शुरू होगा। इस बड़े धार्मिक आयोजन को लेकर चौतरफा तैयारियां शुरू हो गई है, जहां माता मंदिरों में कलर किए गए हैं, वहीं रोशनी भी लगाई गई है। मंदिरों को श्रृंगारित किया जा रहा है, यही स्थिति गरबा पंडालों की रहेगी, जहां माताओं की स्थापना की जाएगी, पंडालों को भी श्रृंगारित किया जा रहा है। जहां माता की घट स्थापना होगी वहां भी तैयारी की गई है। पंडाल के लिए माता को कल गाजा-बाजा और कीर्तन के साथ लाया जाएगा, युवती और बालिकाएं गरबा करती चलेगी। वहीं कल मंदिर, घर, दुकान, उद्योग, जहां-जहां माता की स्थापना होती है वहां घट स्थापना भी की जाएगी। मंदिरों में ज्वारे भी बोए जाएंगे, श्रद्धालु भी अपनी माँ के दर्शन के लिए मंदिरों में पहुंचेंगे। यह धार्मिक क्रम कल अलसुबह से शुरू हो जाएगा, कुछ श्रद्धालु तो रात से ही मंदिर पहुंचना शुरू हो जाते हैं। वहीं कल माता की स्थापना पंडालों में होगी और आरती के बाद गरबे भी होंगे। कई जगह केवल माता की स्थापना पंडाल में होगी, कुछ जगह गरबे नहीं होंगे, लेकिन पंडाल से लेकर रोड तक रोशनी भी की गई है, माँ की आरती रोजाना की जाएगी। नवरात्रि का बड़ा शक्ति पर्व कल से शुरू हो रहा है और कई श्रद्धालु उपवास भी रखेंगे, तो कुछ श्रद्धालु एकासना भी करेंगे, कुछ लोग नंगे पैर भी रहेगी, चप्पल-जूते ग्रहण नहीं करेंगे, तो कुछ लोग नवरात्रि के नौ दिनों में दाढ़ी-कटिंग भी नहीं करवाते हैं। कुछ श्रद्धालु इन नौ दिनों में माँ बिजासन और माँ अन्नपूर्णा सहित अपनी आराध्य देवी के दर्शन पैदल घर से करने निकलते हैं, तो कुछ श्रद्धालु देवास टेकरी स्थित दोनों माताओं के दर्शन करने निकलते हैं और रास्ते भर जयकारे भी लगाते हैं, कुछ श्रद्धालु उज्जैन माता के दर्शन करने भी जाते हैं। कुल मिलाकर आज श्राद्ध पक्ष पूरे हो रहे हैं और कल से दीपावली की आहट नवरात्रि पर्व से शुरू हो जाएगी। व्यवसाय भी अपनी दीपावली की तैयारियां शुरू कर देंगे।

*जगह-जगह होंगे गरबा लाइटिंग भी लगी, कल माताओं को पंडाल में लाने के लिए जुटेंगे श्रद्धालु*



## अंतिम दिन भी श्रद्धालुओं ने किया व्यासपीठ का पूजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** सार्वजनिक नवदुर्गा मंदिर बाराभाई में आचार्य दीपक जोशी के मुखारबिंद से आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के समापन के अंतिम दिवस पर व्यासपीठ का पूजन श्रद्धालुओं ने किया। दीपक जोशी का सम्मान भी किया गया। उक्त जानकारी धर्मेन्द्र कटारिया ने दी।



## नशामुक्ति पर जागरूकता एवं सामूहिक संकल्प

**इंदौर।** आरोग्य भारती द्वारिका द्वारा योग, मेडिटेशन एवं नशा मुक्ति अभियान पर जागरूकता उदबोधन व सामूहिक संकल्प का आयोजन ज्योतिबाफूले उद्यान स्कीम नंबर 51में किया गया। ब्रह्माकुमारी शीला दीदी ने उद्बोधन दिया। डॉ. आरएन मिश्रा, वीरसिंह यादव, प्रभाकर कोहेकर ने अपनी भूमिका निभाई।

# माहेश्वरी कुटुम्ब करा रहा है गरबा प्रशिक्षण

## गरबा सीखने वाली महिलाओं के लिए आज भोज

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।





माहेश्वरी कुटुम्ब द्वारा गरबा प्रशिक्षण का आयोजन तीन दिनों तक 13 से 15 अक्टूबर ब्लू लोटर गार्डन स्कीम नं. 71 में किया जाएगा। प्रकाश शारदा अजमेरा ने बताया कि इस आयोजन को लेकर महिलाओं के रजिस्ट्रेशन कराए थे, 700 रजिस्ट्रेशन वाली मातृशक्तियों को माता की आराधना के लिए लयबंद गरबा प्रशिक्षण शैल अजमेरा द्वारा श्रीजी वाटिका में तीन दिनों तक दिया जा रहा है। इसके लिए प्रशिक्षक प्रशिक्षण दे रहे हैं और गरबा थीम पर म्यूजिक भी मिल रहा है। तीनों दिनों गरबा रास में अलग-अलग थीम और अलग-अलग ड्रेस पर मातृशक्तियां माताजी की आराधना में प्रस्तुतियां देगी। प्रकाश शारदा अजमेरा ने बताया कि आज करीब 700 मातृशक्तियों और जिम्मेदारों के लिए भोज का आयोजन मोहन वीला स्कीम नं. 71 में किया गया है। इस गरबा रास में माहेश्वरी समाजजन खासतौर से मातृशक्तियां, युवतियां इस वर्ष भी मॉं की आराधना में दी जाने वाली गरबा प्रस्तुतियों को देखने पहुंचेंगी।

## माता महाकाली की प्रतिमा पहुंची उज्जैन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। इन्दौर से आसपास के कई क्षेत्रों में मां दुर्गा की प्रतिमाएं भेजी जा रही है। अलग-अलग मंडलों ने इसके



लिए शहर की मूर्ति कलाकारों को पहले ही बुकिंग करवा दी थी। कल से नवरात्रि पर्व शुरू होगा। इससे पहले प्रतिमाओं का इन्दौर से रवाना होने का क्रम जारी है। मूर्तिकार अजय पाल ने देवास के लिए बेलेसिंग प्रतिमा बनाई थी, वहीं उज्जैन महाकाल लोक की महाकाली प्रतिमा भी बनाई है। माता महाकाली का अलग अवतार प्रतिमा में नजर आ रहा है।

## माहेश्वरी महिला ट्रस्ट ने की सेवा गतिविधि

इंदौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। पितृपक्ष के उपलक्ष्य में श्री बालाजी क्षेत्र माहेश्वरी महिला ट्रस्ट द्वारा एमटीएच महिला चिकित्सालय में सेवा गतिविधि की गई। ट्रस्ट अध्यक्षा सीमा गगरानी ने बताया की महिलाओं को लगभग 80 गाउन और फल वितरित किये गए। सीमा गगरानी,शोभा महेश्वरी, माधुरी सोमानी, आशा अजमेरा, ललिता काबरा, सुधा सोमानी, मंजु लाहोटी, हर्षिता माहेश्वरी आदि अन्य महिलाएँ उपस्थित थी।



## कॉलेज में 'नशा मुक्त युवा संवाद एवं युवा मेला

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट



राजमोहल्ला स्थित कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 'नशा मुक्त युवा संवाद एवं युवा मेला' के अंतर्गत नशा मुक्ति जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर सुरक्षा समिति स्वयंसेवकों ने नुक्कड़ नाटक, पम्पलेट वितरण, हस्ताक्षर अभियान एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। अतिथि डॉ. धर्मेन्द्र वाजपेयी थे। डॉ. रेणु मेहता सोनी, प्रो.एस. एस. सिद्धू, जगदीश प्रजापत, प्रो.मोहित डॉ. वसुधा राजपूत, मोहित पथरिया,प्रो.एल .एस तोमर, प्रो. प्रो सुरभि पंडित, हरमनसिंह टुटेजा, अनुभव तिवारी. प्रो.राजेश महाजन, मयंक कौशल मौजूद थे।

## लायंस क्लब ने बताया पर्यावरण संरक्षण का महत्व

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट



ई वेस्ट कलेक्शन स्वप्रेरणा से पर्यावरण संरक्षण सेवा सप्ताह लायंस डिस्ट्रिक्ट मीडिया कॉर्डिनेटर लाइन दिनेश रणधर, डॉ. चंद्रप्रकाश हेडा, ने बताया कि लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 जी के लायंस क्लब्स द्वारा ई वेस्ट कलेक्शन का आयोजन लायंस डेन, जावरा कंपाउंड में किया गया। डिस्ट्रिक्ट के 24 क्लब ने पर्यावरण संरक्षण का महत्व समझ कर सराहनीय योगदान दिया। इस ई वेस्ट को नगरनिगम से मान्यता प्राप्त संस्थान रीसाइकिल करवाया जाता है। 750 किलो ई वेस्ट पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से दिया गया जिसमें 2 वाशिंग मशीन 2 फ्रीज, 10 लैपटॉप 5 छोटे बड़े टीवी कंप्यूटर मॉनिटर, 20 मोबाइल फोन , 3 प्रेस, वैक्यूम क्लीनर 2 वाटर पंप केबल,चार्जर पावर बैंक्स, फ्यूज बल्ब ट्यूबलाइट और अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स शामिल थे।



## दांत एवं आंखों की जांच शिविर

इंदौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। रोटरी क्लब इंदौर ग्रेटर ने पालीवाल स्कूल में छात्रों के लिए आंख और दांतों की जांच शिविर आयोजित किया। परामर्श दिया गया और दवाई भी दी गई। डॉ. सुरभि, सोनाली, सलोनी, भावेश ने सेवाएं दीं। बीके खंडेलवाल, मुकेश भाटी, रविंद्रनाथ बिल्लू, हरीश वर्मा, काव्या योगी उपस्थित थे। स्कूल प्राचार्य ने आभार व्यक्त किया।

## भागवत कथा में कृष्ण लीला



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। भागवत कथा के छठवें दिन सुखलिया में सदाशिव यादव काका के निवास स्थान पर कथा आयोजन में भगवान कृष्ण की बाल लीला, कंस वध और रुक्मणी विवाह का वृतांत पं. कुंजबिहारी पाराशर द्वारा विस्तार से धर्म प्रेमी जनता को श्रवण कराया गया।

## केशरी वाटिका में जारी है धर्मसभा

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। बिजासन रोड स्थित श्री केशरी वाटिका में आयोजित चातुर्मास के अंतर्गत गच्छाधिपति विजय नित्यसेनसूरीश्वर म.सा. की निश्रा में धर्मसभा आयोजित हुई। धर्मसभा में वरिष्ठ मुनिराज डॉ. सिद्धरत्न विजय म.सा. एवं मुनिश्री अजीतसेन विजय म.सा. ने धर्म, आत्मकल्याण, कर्मक्षय, संयम, वैराग्य और जीवन की नश्वरता के विभिन्न पहलुओं पर प्रेरणादायी प्रवचन दिए। 31 उपवास, महामृत्युंजय तप की आराधना करने वालों का बहुमान भी किया गया। उक्त जानकारी राजेश जैन युवा ने दी।



## श्राद्ध पक्ष में चली कथा का समापन



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। हंसदास मठ बिजासन रोड पर रोजाना सुबह तर्पण का आयोजन किया गया। आज सुबह सर्वपितृ अमावस्या पर भी बडी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। श्राद्ध पक्ष में कथा का आयोजन दोपहर में पुष्पानंद तिवारी के श्रीमुख से किया गया। कृष्ण सुदामा मिलन के साथ मोक्षदायी भागवत का समापन हुआ। स्वामी रामचरणदास महाराज, पवनदास महाराज का सान्निध्य मिला। आयोजन में हरि अग्रवाल, कमल गुप्ता, जगमोहन वर्मा, हरीश विजयवर्गीय, राजेन्द्र सोनी, राजेन्द्र गर्ग, डॉ. चेतन सेठिया, मुरलीधर धामानी, विनय जैन, सूरजसिंह राठौड़, हनुमानप्रसाद सारड़ीवाल, अजय शंकर उकास, महेंद्र विजयवर्गीय, अरुण सोनवल मौजूद रहे।

## जीवरसायन विभाग एनईपी की थीम पर रंगोली स्पर्धा



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। होल्कर कालेज के जीव रसायन विभाग द्वारा अखिल भारतीय शिक्षा समागम के अन्तर्गत एनईपी शिक्षा से विकसित भारत 2047 विषय पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने रंगों और कलात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से नई शिक्षा नीति तथा विकसित भारत के संकल्प को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। रंगोली के माध्यम से शिक्षा, नवाचार, कौशल विकास, आत्मनिर्भरता और वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य जैसे विषयों को दर्शाया गया। डॉ. अनामिका जैन, डॉ. रवीन्द्र गर्ग, डॉ. नागेश डगांवकर, डॉ. तौशीह अब्बासी, डॉ. उन्नति भायरे, डॉ. फौजिया अजीज, डॉ. तसनीम रंगवाला, डॉ. भावना शर्मा, डॉ. संध्या शर्मा मौजूद थे।

# बदनावर में सियासी घमासान, दत्तीगांव के शेखावत पर तीखे वार, बाऊजी के राजनीतिक चरित्र पर उठाए सवाल...

धार (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि नितिन राठौर)। मध्य प्रदेश की सियासत में हमेशा सुर्खियों में रहने वाली बदनावर विधानसभा सीट एक बार फिर बड़े राजनीतिक टकराव की गवाह बन रही है, पूर्व मंत्री और भाजपा नेता राजवर्धन सिंह दत्तीगांव ने कांग्रेस नेता एंव विधायक भंवर सिंह शेखावत पर अब तक का सबसे तीखा हमला बोला है। दत्तीगांव ने शेखावत के स्थानीय जुड़ाव, उनकी दलीय निष्ठा और विकास विरोधी मानसिकता को लेकर कई गंभीर आरोप लगाए हैं, जिससे क्षेत्र की राजनीति पूरी तरह गरमा गई है।





दत्तीगांव ने शेखावत की क्षेत्र में सक्रियता पर सवाल उठाते हुए कहा, मैंने चुनाव हारने या जीतने के बावजूद कभी बदनावर का साथ नहीं छोड़ा और न ही कभी यहाँ से बाहर गया, इसके विपरीत, भंवर सिंह शेखावत 2018 का चुनाव हारते ही बदनावर से गायब हो गए थे, उन्होंने आरोप लगाया कि शेखावत को केवल विधायक बनने की लालसा है, और उन्हें बदनावर की जनता के सुख-दुख से कोई सरोकार नहीं है, पारिवारिक और राजनीतिक रिश्तों का हवाला देते हुए दत्तीगांव ने शेखावत के दलबदल पर तंज कसा है, कभी सार्वजनिक रूप से दत्तीगांव को अपना भांजा बताने वाले शेखावत पर निशाना साधते हुए कहा गया कि जब भाजपा ने उसी भांजे पर भरोसा जताकर टिकट दिया, तो बाऊजी अपने सिद्धांतों को भूलकर कांग्रेस की शरण में चले गए, आरोप है कि जिस भाजपा ने शेखावत को मात्र 13 दिनों के चुनाव प्रचार में विधायक बनाया था, उन्होंने व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा के लिए उसी पार्टी की पीठ में छुरा घोंप दिया,दत्तीगांव ने शेखावत पर बदनावर के विकास को रोकने का एक बड़ा आरोप लगाया है, बयानों के अनुसार, जब बदनावर में देश का सबसे बड़ा पीएम मित्रा मेगा टेक्सटाइल पार्क लाया जा रहा था, तब शेखावत ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर इसे रोकने की मांग की थी, दत्तीगांव ने कहा कि उन्होंने बदनावर के एक-एक गांव और बूथ की समस्याओं को पैदल नापकर समझा है, जबकि शेखावत पूरी विधानसभा का एक बार भी दौरा करने का दावा नहीं कर सकते है, वही राजनीतिक बयानों में शेखावत पर व्यक्तिगत हमले भी तेज हो गए हैं,दत्तीगांव समर्थकों ने आरोप लगाया कि जो व्यक्ति खुद इंदौर के मशाल होटल में 50,000 रुपये के जुए के मामले में पकड़ा जा चुका हो, वह आज दत्तीगांव पर क्षेत्र में जुए को बढ़ावा देने के अनर्गल आरोप लगा रहा है, इस दौरान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के उस पुराने बयान का भी हवाला दिया गया, जो उन्होंने बड़ी चौपाटी पर आम जनता के सामने शेखावत के राजनीतिक चरित्र को लेकर दिया था।

दत्तीगांव का कहना है कि शेखावत केवल झूठे आरोप लगाकर बदनावर की समझदार जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन क्षेत्र की जनता भली-भांति जानती है कि किसने बदनावर के विकास के लिए अपना पसीना बहाया है, और कौन केवल चुनाव के समय राजनीति चमकाने आता है।

# धार के बाग में जनविश्वास अभियान शिविर



धार (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। धार जिले के बाग के अंबेडकर भवन में मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय शिविर आयोजित किया गया। संभागायुक्त भास्कर लाक्षाकार एवं धार कलेक्टर राजीव रंजन मीना ने विभिन्न विभागों के स्टॉलों का अवलोकन किया। शिविर में 89 आवेदनों का मौके पर निराकरण, राशन दुकानों की अव्यवस्था पर संभागायुक्त ने नाराजगी जताते हुए संबंधित को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। शिविर में विभिन्न ग्राम पंचायतों से आए लगभग 750 नागरिकों ने सहभागिता की। इस दौरान प्राप्त 235 आवेदनों में से 89 का मौके पर ही निराकरण किया गया, शेष 146 आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

## जन विश्वास शिविर में राजस्व मामलों की सबसे ज्यादा शिकायतें



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। ग्रामीण डीआईजी मनोजकुमार सिंह देपालपुर थाने पहुंचे और आमजन की समस्याएं सुनीं। डीआईजी के पहुंचने से पहले ही बड़ी संख्या में शिकायतकर्ता अपनी समस्याएं लेकर थाना पहुंचे। सबसे ज्यादा शिकायतें राजस्व और जमीन संबंधी मामलों को लेकर सामने आईं। डीआईजी ने शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। कई मामलों में मौके पर ही निराकरण की प्रक्रिया शुरू कराई गई। उन्होंने कहा कि जमीन संबंधी विवादों में किसी भी तरह की गुंडागर्दी या दबंगई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीआईजी ने एसडीओपी संघप्रिय सम्राट और थाना प्रभारी मीणा कर्णावत को आमजन की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई और निराकरण के निर्देश दिए।

## अधिकारियों ने किया संस्था संजीवनी का अवलोकन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों ने अशासकीय संस्था संजीवनी का अवलोकन किया। इस संस्था में 14 बालक पाए गए। बच्चों की देखरेख एवं संरक्षण से संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। अधिकारी डॉ. संध्या व्यास ने कहा कि पालना व्यवस्था के व्यापक प्रचार-प्रसार किए जाए। इस दौरान वीपीएस राठौर, रवि शर्मा भी मौजूद रहे।

## युवा संगम रोजगार मेला लगेगा

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय इंदौर द्वारा 15 अक्टूबर गुरुवार को एक दिवसीय युवा संगम रोजगार मेला जिला रोजगार कार्यालय परिसर, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के पास, 10 पोलोग्राउंड में सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगा। विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा 250 से अधिक रिक्त पदों पर प्रारंभिक चयन की प्रक्रिया की जाएगी।

# लिंक रोड का 4 साल से अटका काम शुरू होने की जागी उम्मीद

## भोपाल से हरी झंडी का इंतजार, पिछले दिनों उठी थी मांग

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। खजराना गणेश मंदिर से लेकर कनाड़िया रोड तक बनने वाली लिंक रोड का लंबे समय से कोर्ट स्टे के कारण अटका निर्माण कार्य अब जल्द दोबारा शुरू होने की उम्मीद जगी है। कहा जा रहा है कि भोपाल से हरी झंडी मिलने के बाद आने वाले दिनों में बेहद जल्द लंबे समय से अटका निर्माण कार्य दोबारा शुरू करने की तैयारी है। जिसको लेकर एक बार फिर से हलचल शुरू हो गई है।



**विकल्प के रूप में मिलेगा नया रास्ता**-गौरतलब है कि करीब 10 करोड रुपए की लागत से बनने वाली खजराना कनाड़िया लिंक रोड बनने से सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि उक्त लगभग 1400 मीटर लंबी और करीब 60 फीट चौड़ी लिंक रोड बनने से बंगाली और कनाड़िया क्षेत्र से खजराना गणेश मंदिर आने वालों को विकल्प के रूप में नया शॉट कर्ट वैकल्पिक रास्ता मिल जाएगा। साथ ही त्यौहारों, नए साल, तिल चतुर्थी मेला, गणेश चतुर्थी जैसे भव्य बड़े अवसर के समय भीड़ को नियंत्रित करने और लोगों को बेहतर और सुलभ दर्शन करने के लिए उक्त नई लिंक रोड सड़क का बेहतर विकल्प के रूप में उपयोग हो सकेगा।

**मामला कोर्ट में जाने से अटका है लंबे समय से निर्माण कार्य**-जिसको लेकर मंदिर प्रबंधन और जिला प्रशासन ने प्लानिंग के साथ खजराना - कनाड़िया लिंक रोड की योजना करीब चार - पांच साल पहले बनाई थी। लेकिन करीब सवा किमी लंबे हिस्से में खुदाई के बाद मामला कोर्ट में चले जाने के बाद से रुका पड़ा है। वहीं अब एक बार फिर से उक्त महत्वपूर्ण लिंक रोड़ निर्माण कार्य दोबारा शुरू होने की चर्चा होने से भक्तों को भी इससे बड़ा लाभ होने की उम्मीद जागी है। इधर पहले यह तय हुआ था कि इस सड़क निर्माण का आधा खर्च निगम उठाएगा और आधा खर्च मंदिर प्रबंधन को देना तय किया गया था। करीब 10 करोड़ की लागत से बनने वाली लिंक रोड का बजट भी इतने समय से काम अटकने से बढ़ गया है ऐसे में अब निर्माण कार्य शुरू होने पर खर्च कौन उठाएगा इस पर भी सवाल उठने लगे है।

## बिना खाद्य पंजीयन के बनाए जा रहे थे गुलाब जामुन इंस्टेंट मिक्स



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। प्रशासन के खाद्य विभाग ने बिना खाद्य पंजीयन के उद्योग नगर मूसाखेड़ी नेमावर रोड पर अन्नपूर्णा इंडस्ट्रीज में गुलाब जामुन इंस्टेंट मिक्स का निर्माण पाए जाने पर कार्रवाई की और निर्माण बंद कराया। शिकायतों पर रेस्टोरेंट एवं खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण; मामाजी गृह उद्योग सहित विभिन्न इकाइयों से खाद्य नमूने लिए गए। नवलखा बस स्टैंड क्षेत्र में शिवसागर भोजनालय एवं शिवसागर रेस्टोरेंट एंड कैफे, नवलखा का निरीक्षण किया गया। शिवसागर रेस्टोरेंट से क्रीम का नमूना लिया गया। वहीं लोकेलाइट किचन प्राइवेट लिमिटेड, नरसिंह बाजार का भी निरीक्षण किया गया। संचालक अनुष्का जैन की मौजूदगी में सफाई और पेस्ट कन्ट्रोल की हिदायत दी गई। मामाजी गृह उद्योग उद्योग नगर मूसाखेड़ी के संचालक संतोष पाटीदार की मौजूदगी में कन्फेक्शनरी उत्पादों, लॉलीपॉप एवं टॉफी का निर्माण किया जा रहा था। यहां सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं पाई गई, सेम्पल लेकर भोपाल भेजे जा रहे हैं।

## पीडब्ल्यूडी बंगलों में लाखों रुपए के फर्नीचर की देगा सौगात

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। केंद्रीय लोक निर्माण विभाग द्वारा अपने नवनिर्मित निरीक्षण बंगलो में आने वाले दिनों में नए फर्नीचर के आपूर्ति करने की तैयारी शुरू कर दी है। जिसके अंतर्गत अब आने वाले दिनों में दशहरे के बाद लाखों रुपए खर्च कर केंद्रीय लोक निर्माण विभाग द्वारा अपने नवनिर्मित बंगलों में कई तरह के नवीन फर्नीचर की मांग की पूर्ति के लिए निविदा जारी की गई है। जिसके तहत केंद्रीय लोक निर्माण विभाग द्वारा इनकम टैक्स दफ्तर के आसपास अपने नवनिर्मित बंगलो में विभिन्न प्रकार की कैटेगरी में फर्नीचर निर्माण को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। दरअसल सीपीडब्ल्यूडी द्वारा केंद्रीय लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत शहर के विभिन्न शासकीय क्षेत्र में स्थित नवनिर्मित बंगलो और पुराने दफ्तर और बंगलों में विभिन्न फर्नीचर की डिमांड की आपूर्ति के लिए योजना बनाकर निविदा जारी की है। जिसके तहत लाखों रुपए खर्च कर जहां जैसी डिमांड है उस हिसाब से फर्नीचर निर्माण कर लगाने की तैयारी शुरू हो गई है। जिससे आने वाले दिनों में दीपावली से पहले विभाग द्वारा नए बंगलो के अलावा दफ्तर और ऑफिस में लंबे समय से फर्नीचर की डिमांड को पूरा करने का कार्य किया जाएगा। साथ ही सालों पुराना फर्नीचर बदलने का काम किया जाएगा। जिसको लेकर केंद्रीय लोक निर्माण विभाग के द्वारा लंबे समय से विभिन्न दफ्तरों और नवीन बंगलों में फर्नीचर आपूर्ति की डिमांड की जा रही थी, जो अब जाकर पूरी होने की उम्मीद जगी है।

## संपादकीय

# पश्चिम एशिया संकट : हमलों में 16 भारतीय नाविकों की मौत भारत कब तय करेगा जवाबदेही?

पश्चिम एशिया संघर्ष में 16 भारतीय नाविकों की मौत से चिंता बढ़ी। भारत को अपने नागरिकों की सुरक्षा और हमलों की जवाबदेही सुनिश्चित करनी चाहिए। पश्चिम एशिया और फारस की खाड़ी में जारी संघर्ष ने पूरी दुनिया की चिंता बढ़ा दी है। ऊर्जा और आवश्यक वस्तुओं की वैश्विक आपूर्ति प्रभावित होने के साथ-साथ अब मानवीय संकट भी बढ़ता जा रहा है। समुद्री मार्गों में अपना प्रभाव मजबूत करने के लिए संघर्षरत पक्षों की ओर से भारत समेत अन्य देशों के नागरिकों को भी निशाना बनाया जा रहा है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, फारस की खाड़ी और काला सागर में हमलों के दौरान अब तक सोलह भारतीय नाविकों की जान जा चुकी है। ऐसे में अहम सवाल यह है कि क्या किसी युद्ध में आम नागरिकों को जानबूझकर निशाना बनाना अंतरराष्ट्रीय कानूनों का सीधा उल्लंघन नहीं है? क्या इन हमलों के लिए वैश्विक स्तर पर संबंधित पक्षों की जवाबदेही तय नहीं की जानी चाहिए? दूसरी ओर, भारत के शासन की भी जिम्मेदारी है कि वह अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करे। बिना किसी उकसावे के हो रहे इन हमलों में भारतीयों की मौत पर महज औपचारिक चिंता व्यक्त करने के बजाय भारत को ऐसी घटनाओं के खिलाफ कड़ा प्रतिरोध दर्ज करना चाहिए। इसमें दोराय नहीं कि पश्चिम एशिया भारत के लिए रणनीतिक और आर्थिक दृष्टि से अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। फारस की खाड़ी के देशों में काम करने वाले भारतीय देश की अर्थव्यवस्था में भी अहम योगदान देते हैं। विदेश से भेजी जाने वाली उनकी कमाई देश के लिए विदेशी मुद्रा का एक बड़ा स्रोत है। इसलिए इस क्षेत्र में संघर्ष और अस्थिरता का सीधा असर भारत के नागरिकों की सुरक्षा और आर्थिक हितों पर पड़ना स्वाभाविक है। सरकार का दावा है कि होर्मुज जलमार्ग क्षेत्र से अब तक चार हजार से अधिक भारतीय नाविकों को सुरक्षित वापस लाया गया है। अमेरिका-ईरान युद्ध शुरू होने के बाद से इस जलमार्ग और फारस की खाड़ी के कुछ हिस्सों में जहाजों पर हमले लगातार बढ़े हैं। अंतरराष्ट्रीय कानूनों के अनुसार, युद्ध में शामिल पक्षों के लिए सैनिकों और आम नागरिकों के बीच अंतर करना अनिवार्य है। किसी तीसरे देश के नागरिकों को निशाना बनाना भी नियमों के खिलाफ है। ऐसे में भारत को अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इन हमलों की जांच और जवाबदेही की मांग उठानी चाहिए।

# रुपयों के लेन-देन का विवाद, अस्पताल के बाहर बैठे व्यक्ति से की मारपीट

**इंदौर।** जूनी इंदौर थाना क्षेत्र के आनंद अस्पताल के बाहर रुपयों के पुराने लेन-देन और गारंटी को लेकर विवाद हो गया। पैसे चुकाने के दबाव और कहासुनी के बाद तीन आरोपियों ने एक व्यक्ति के साथ गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसों से जमकर मारपीट कर दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, फरियादी जितेंद्र शर्मा ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि उन्होंने आरोपी पवन भावसार निवासी मल्हारगंज के पहचान वाले सर्वेश भारद्वाज को मार्च 2025 में फ्लैट गिरवी रखने के एवज में कुल 5 लाख दिलवाए थे। इस रकम की वापसी की जिम्मेदारी पवन भावसार ने ली थी, जिसके चलते वह लगातार जितेंद्र शर्मा से रुपयों की मांग कर रहा था। घटना की रात फरियादी जितेंद्र शर्मा अपने भतीजे के साथ आनंद अस्पताल में अपने भांजे हितेश शर्मा का मृत्यु प्रमाण पत्र लेने आए हुए थे। इसी दौरान पवन भावसार का उनके मोबाइल पर फोन आया, तो जितेंद्र ने उसे बता दिया कि वे फिलहाल आनंद अस्पताल में मौजूद हैं। कुछ ही देर बाद आरोपी पवन भावसार अपने साथियों दिनेश कुलपारे निवासी 60 फीट रोड और रवि सोलंकी निवासी द्वारकापुरी के साथ अस्पताल पहुंच गया। अस्पताल के बाहर पहुंचते ही आरोपियों ने रुपयों को लेकर दबाव बनाते हुए विवाद शुरू कर दिया और अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगे। जब जितेंद्र ने उन्हें गालियां देने से रोका, तो तीनों आरोपियों ने मिलकर उनके साथ लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी। घटना के बाद आरोपियों ने भविष्य में परिणाम भुगतने की धमकी दी और मौके से फरार हो गए।

# वाल्मीकि समाज की पंचायतों के साथ बैठक

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने सफाई मित्रों की मांगों के निराकरण के संबंध में सिटी बस कार्यालय में वाल्मीकि समाज के चारों पंचायतों के पदाधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया। आयुक्त ने कर्मचारियों की मांगों पर नियमानुसार कार्यवाई करने का आश्वासन दिया।

पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि शहर के स्वच्छता अभियान में वाल्मीकि समाज साथ है। आयुक्त ने अवकाश प्रकरणों के त्वरित निराकरण एवं लंबित सेवा हितलाभों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। कर्मचारियों को विनिमित और नियमितिकरण करने के लिए शासन को पत्र भेजे गए उन पत्रों पर शीघ्र ही निर्णय के लिए स्मरण पत्र भेजे जाए। कर्मचारी को कार्यस्थल से अवकाश पर जाने पर आवेदन प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए मोबाइल ऐप के माध्यम से आवेदन की व्यवस्था रखी जाए सहित कई बाते चर्चा में रखी गई और कई निर्णय भी लिए गए और कुछ मुद्दे शासन के पास भेजने की बात भी हुई।

# इस बार दिवाली से पहले शुरू हो गई सीताफल की आवक

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** इस बार दीपावली से पहले सीताफल की बाजार में आवक शुरू हो गई है। हालांकि अभी शुरूआती आवक होने और भाव ज्यादा होने से आमजन तक अभी भले ही सीताफल पहुंच नहीं पा रहें हो। लेकिन चोइथराम थोक मंडी से लेकर बाजारों में भी अब दिखाई देने लगें है। इसके अलावा नवरात्रि शुरू होने से पहले उपवास में काम आने वाले सेवफल और केले के भी अब दाम बढ़ गए है। जबकि पहले सस्ते बिक रहे थे। वहीं अब नवरात्रि के नौ दिनों तक उपवास करने वाले ज्यादातर लोग फलों का सर्वाधिक सेवन करते है। ऐसे में वर्तमान में सबसे ज्यादा डिमांड और आवक वाले एपल के दाम भी बढ़ गए हैं।

**दाम है ज्यादा : भाव 160 से 200 किलो इधर, नवरात्रि से पहले सेवफल-केले के भी भाव बढ़े**

### विदेशी एपल 200 से 250 रुपए किलो के भाव

इधर खेरची व्यापार करने वाले लल्लन सिंह प्रजापत, नितिन भीलवारे ने बताया कि नवरात्रि के उपवास में केले , सेवफल के साथ सीताफल की भी डिमांड रहेगी। इसके अलावा पपीता भी चलन में है। वहीं मंडी में वर्तमान में केले और सेवफल की सबसे ज्यादा आवक हो रही है। सीताफल की कम आवक के कारण भाव अभी ज्यादा है। सीताफल डेढ़ सौ से लेकर 180 और 200 रु. किलो के भाव बिक रहे है। जबकि सेवफल 100 किलो से लेकर 150 180 रु. किलो देशी मिल रहे है। जबकि बाहर से आने वाले विदेशी एप्पल 200 से ढाई सौ रुपए किलो के भाव बिक रहे हैं।

# दावलशाह दरगाह के पास लावारिस हालत में गाड़ियां खड़ी है



**इन्दौर ( सिटि ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** धार रोड़ ग्राम पंचायत बाक क्षेत्र के अंतर्गत दावलशाह पीर दरगाह के पास रोड पर तीन लावारिस गाड़िया काफी समय से खड़ी है। 112 वाहन और बाइक से गश्त करने आते है तो गाड़ी के अंदर देखते है कोई है के नहीं है और चले जाते है एक लोडिंग लीलेण्ड कंपनी के दोस्त जिसमें कुछ सामान पड़ा है एक इनोवा और एक अन्य कार है जो लावारिस हालत मे रोड़ पर खड़ी है जिसके कारण आए दिन ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रहती है।

# नक्शे में खामियां मिलने पर आरोपी ने प्रोजेक्ट हेड से की जमकर मारपीट

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।**

राऊ थाना क्षेत्र के ए.बी. रोड स्थित स्काईलाइन रिसॉर्ट-02 में काम के दौरान भारी लापरवाही और गुणवत्ता में कमी को लेकर विवाद हो गया। नक्शे की जांच के दौरान खामियां मिलने पर जब प्रोजेक्ट हेड ने इंजीनियरों से पूछताछ की, तो एक आरोपी आग बबूला हो गया और उसने प्रोजेक्ट हेड पर हमला कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, प्रोफेसर कॉलोनी, जूनी इंदौर निवासी 52 वर्षीय आकाश पिता बलराम सचदेव स्काईलाइन रिसॉर्ट में प्रोजेक्ट से जुड़े कार्य संभालते हैं। घटना के समय साइट पर मौजूद अन्य इंजीनियरों ने आकाश को जानकारी दी कि सुधीर महाराणा नामक व्यक्ति द्वारा रिसॉर्ट में डाली गई फायर लाइन बेहद गलत तरीके से और भारी लापरवाही के साथ डाली गई है। इस गंभीर शिकायत पर आकाश ने सुधीर महाराणा को अपने पास बुलाया और कहा कि वह इस प्रकार के तकनीकी काम के बिल्कुल लायक नहीं है और उसे काम करना नहीं आता। इसके बाद आकाश ने जब मौके पर लेआउट का नक्शा मंगवाकर खुद उसकी जांच की, तो उसमें कई बड़ी तकनीकी खामियां और गड़बड़ियां पाई गईं। जब आकाश ने नक्शे की इन कमियों के बारे में सुधीर को बताया, तो वह अचानक उत्तेजित हो गया और अभद्रता करते हुए कहने लगा कि तुम्हारी यह हिम्मत कैसे हो गई कि तुम मेरे काम पर शक करो! विवाद बढ़ने पर आकाश ने मौके पर मौजूद अन्य कर्मियों को निर्देश दिया कि इस व्यक्ति को तुरंत साइट से बाहर निकाला जाए और आज के बाद यह यहां नहीं दिखना चाहिए। इस बात से बौखलाए सुधीर महाराणा ने गालियां देना शुरू कर दिया और गुस्से में आकर वहीं पास में पड़ा एक भारी पत्थर उठाकर आकाश के सिर पर ताबड़तोड़ 2 से 3 बार वार कर दिए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

# गांधी नगर में जमीन का कब्जा, बोर्ड हटाने को लेकर हुआ विवाद

**दंपती ने खेत मालिक से की मारपीट**

**इंदौर।** गांधी नगर थाना क्षेत्र के ग्राम बड़ा बांगड़दा में जमीन के वैध कब्जे को लेकर हुए विवाद का मामला सामने आया है। राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा कब्जा दिलाए जाने के बाद जमीन पर लगाए गए बोर्ड को हटाने को लेकर हुए विरोध पर एक महिला और उसके पति ने खेत मालिक के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, नंदनगर, परदेशीपुरा निवासी 50 वर्षीय राजेश पिता दामोदर काले की ग्राम बड़ा बांगड़दा में कृषि भूमि स्थित है। हाल ही में राजस्व विभाग के आरआई और पटवारी द्वारा वैधानिक प्रक्रिया के तहत उन्हें उक्त जमीन पर कब्जा दिलाया गया था, जिसके बाद फरियादी ने अपनी जमीन की सुस्पष्ट जानकारी के लिए वहां स्वामित्व का बोर्ड लगवा दिया था। घटना के कुछ समय बाद आरोपी अभिषेक सोनकर और उसकी पत्नी मंजू सोनकर निवासी छत्रपति नगर, एरोड्रम मौके पर पहुंचे और जमीन पर लगे उस बोर्ड को उखाड़ने लगे। अपनी जमीन पर हो रही इस हरकत को देख जब राजेश ने आपत्ति जताई और उनसे पूछा कि वे सरकारी कार्रवाई के बाद वैध रूप से कब्जाई गई जमीन का बोर्ड क्यों निकाल रहे हैं, तो दोनों आरोपी आग बबूला हो गए। आरोपियों ने पीड़ित के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गालियां देना शुरू कर दिया, जिससे वहां मौजूद आसपास के लोगों को भी असुविधा हुई। जब राजेश ने उन्हें गाली देने से रोका, तो अभिषेक और उसकी पत्नी ने मिलकर उनके साथ थप्पड़-मुक्कों से जमकर मारपीट कर दी।

# अमृत प्रोजेक्ट की खोदी सड़कें अब दो माह में बनेंगी

## महापौर की सख्ती का असर, लापरवाही करने वाले ठेकेदारों पर होगी कार्रवाई, पाइपलाइन डालने के साथ ही शुरू होगा सड़क रेस्टोरेशन

इंदौर। अमृत प्रोजेक्ट के तहत पाइपलाइन डालने के लिए खोदी जाने वाली सड़कों को अब लंबे समय तक बदहाल नहीं छोड़ा जाएगा। महापौर पुष्यमित्र भार्गव की सख्ती के बाद नगर निगम ने सड़क रेस्टोरेशन की समय सीमा तय कर दी है। पाइपलाइन डालने का काम पूरा होने के बाद संबंधित सड़क को दो माह के भीतर बनाना होगा। ऐसा नहीं करने वाले ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। महापौर के निर्देशों का असर अब शहर में दिखाई देने लगा है और कई जगह पाइपलाइन डालने के साथ ही सड़क सुधारने का काम भी किया जा रहा है।

दरअसल, अमृत प्रोजेक्ट के तहत शहर में पुरानी जलप्रदाय पाइपलाइनों को बदलने और नई पानी की टंकियां बनाने का काम चल रहा है। इसके लिए मुख्य मार्गों से लेकर कॉलोनियों और गली-मोहल्लों तक सड़कों की खुदाई की जा रही है। पहले पाइपलाइन डालने के बाद इन सड़कों को छह माह तक रेस्टोरेशन के लिए छोड़ दिया जाता था। इस दौरान केवल कच्ची मिट्टी और मलबा भरकर सड़क को छोड़ दिया जाता था। इससे धूल, कीचड़, गंदगी और दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता था। लोगों को आवाजाही में परेशानी होती थी और नगर निगम की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठते थे।

### 400 किमी नई पाइपलाइन बिछाने का काम

महापौर भार्गव ने बताया कि शहर का पुराना जलप्रदाय नेटवर्क लीकेज और जाम होने के कारण कई क्षेत्रों में गंदे पानी की समस्या सामने आ रही थी। इसे दूर करने के लिए केंद्र सरकार, राज्य सरकार और नगर निगम के सहयोग से जलप्रदाय व्यवस्था को बेहतर बनाया जा रहा है। इसके तहत शहर में करीब 400 किलोमीटर नई मेनलाइन और डिस्ट्रीब्यूशन लाइन बिछाई जा रही है। ऐसे में जरूरी है कि पाइपलाइन का काम पूरा होने के बाद सड़कों को भी समय पर दुरुस्त किया जाए।

### इन क्षेत्रों में शुरू हुआ रेस्टोरेशन

महापौर की सख्ती के बाद होटल सयाजी के सामने सर्विस रोड पर कृष्णा दूध डेयरी वाली लाइन में पाइपलाइन डालने के लिए खोदी गई सड़क का रेस्टोरेशन पूरा कर दिया गया है। वहीं, स्कीम नंबर 114 में पाइपलाइन डालने के साथ सड़क सुधारने का काम भी किया जा रहा है। स्कीम नंबर 78 पार्ट-1 और न्यू लोहा मंडी में भी पाइपलाइन डालने के साथ रेस्टोरेशन पर काम हो रहा है।

### लापरवाह ठेकेदारों की सूची मांगी

महापौर ने निगम अधिकारियों से उन निर्माण एजेंसियों की सूची मांगी है, जो सड़क रेस्टोरेशन में लापरवाही कर रही हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि पाइपलाइन डालने के बाद सड़क को अनिश्चित समय तक नहीं छोड़ा जा सकता। तय समय सीमा में काम पूरा नहीं करने वाले ठेकेदारों पर कार्रवाई की जाएगी।

### एक नजर में प्रमुख निर्देश

- पाइपलाइन का काम पूरा होने के बाद दो माह में सड़क बनानी होगी।
- रेस्टोरेशन के नाम पर छह माह तक सड़क नहीं छोड़ी जाएगी।
- सड़क सुधारने में लापरवाही करने वाले ठेकेदारों पर कार्रवाई होगी।
- करीब 400 किलोमीटर नई मेनलाइन और डिस्ट्रीब्यूशन लाइन बिछाई जा रही है।



# पुलिस ने सात गुम फोन दिलवाए

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। खजराना पुलिस ने पोर्टल की सहायता से सात गुम मोबाइल फोन ढूंढने की कार्रवाई की। तकनीकी दक्षता के साथ त्वरित कार्यवाही कर मोबाइल फोन बरामद कर वास्तविक स्वामियों को लौटाए गए। थाना प्रभारी मनोजसिंह सेंधव के नेतृत्व में थाना की टीम ने यह कार्रवाई वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में की और सात फोन सपना चौहान, तरुण तिवारी, आनंद डोंगरे, आशीष सिंदल, बुद्धिप्रकाश शर्मा, पूनम साहू, महेश सोलंकी को वापस लौटाए।

# गायत्री रथयात्रा शुरू, शाम तक चलेगी

### नवरात्रि में 24 लाख गायत्री मंत्रों का अनुष्ठान

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। कनाडिया क्षेत्र में कल नवरात्रि से 24 लाख गायत्री मंत्रों का अनुष्ठान चलेगा। अखंड दीप के समक्ष 24 साधक 24-24 हजार मंत्र जप का संकल्प लेकर साधना का आयोजन किया जा रहा है। आज गायत्री रथयात्रा कनाडिया क्षेत्र में निकाली जा रही है जो शाम 4 बजे तक भ्रमण करेगी। इस यात्रा में व्यसनमुक्ति, दहेजरहित विवाह, कुरीति उन्मूलन और पर्यावरण संरक्षण तक संदेश दिया जा रहा है। शंकरलाल शर्मा, सुदेश बोरिया, कमलेश्वरसिंह सिसौदिया ने बताया कि गुरुधाम पहाडियों पर पौधारोपण के बाद यहां हरियाली भी छायी हुई है। यहां गौशाला भी है। आज सुबह श्रद्धालुओं की मौजूदगी में मां गायत्री रथयात्रा सद्बुद्धि और सत्चिंतन के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए यात्रा निकल रही है। यात्रा के रथ में मां गायत्री विराजमान है। नवरात्रि अनुष्ठान का समापन विजयादशमी पर होगा। इस अवसर पर कन्या पूजन, कन्या भोज और पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ की महापूर्णाहुति होगी।

# आर्ट ऑफ लिविंग का नवरात्रि महोत्सव आयोजन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। आर्ट ऑफ लिविंग, द्वारा 11 से 18 अक्टूबर तक शारदीय नवरात्रि महोत्सव का आयोजन ओमनी रेजिडेंसी, रेडिसन होटल के पास में किया जाएगा। कल प्रातः 6:30 से 9:30 बजे तक महा सुदर्शन क्रिया के साथ आयोजन की शुरूआत होगी। 12 से 15 अक्टूबर तक नवरात्रि विशेष एडवांस मेडिटेशन प्रोग्राम आयोजित किया जाएगा। इस दौरान प्रतिदिन सायं 5:30 बजे ललिता सहस्रनाम का पाठ भी होगा। 16 अक्टूबर को श्री महागणपति, नवग्रह एवं वास्तु होम, कन्या पूजन, कन्या भोज, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां तथा सायं सुदर्शन होम आयोजित होंगे। 17 अक्टूबर को रुद्र पूजा एवं श्री रुद्र होम के साथ श्री चंडी कलश स्थापनम् एवं पारायण होगा। इस अवसर पर इंदौर की विशिष्ट महिला चिकित्सकों का सम्मान भी किया जाएगा। 18 अक्टूबर को श्री चंडिका होम के साथ महोत्सव का समापन होगा।

# मालवा निमाड़ में 8735 किसानों को पांच रुपए में बिजली कनेक्शन प्रदान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

राज्य शासन की प्राथमिकता के साथ ही किसान कल्याण वर्ष में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने मालवा निमाड़ के 8735 किसानों को पांच रुपए में स्थाई बिजली कनेक्शन दिए हैं। बिजली कंपनी ने ऑन लाइन आवेदन लेने एवं जिस क्षेत्र में कनेक्शन मांगा जा रहा हैं, वहां लाइन विस्तार कार्य की आवश्यता नहीं होने पर त्वरित रूप से कनेक्शन जारी करने की प्रक्रिया पर प्रभावी अमल किया हैं। कंपनी के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने बताया कि अब तक जारी 8735 कनेक्शनों में इंदौर राजस्व संभाग के इंदौर सहित आठों जिलों में छः हजार पांच सौ से ज्यादा कनेक्शन मात्र पांच रूपए जमा कर प्रदान किए गए हैं। वहीं उज्जैन जिले में 600 एवं उज्जैन राजस्व संभाग में करीब 22 सौ कनेक्शन पांच रुपए में दिए गए हैं। यह सुविधा किसानों की त्वरित मदद के लिए दी जा रही। नियमानुसार शेष राशि किश्तों में जमा कराई जाती है। प्रबंध निदेशक सिंह ने बताया कि कंपनी स्तर पर करीब चौदह लाख किसानों को सिंचाई के लिए बिजली वितरित की जाती है। इन किसानों को शासन की ओर से नियमानुसार सब्सिडी भी दी जाती है।

### विद्याधाम में कल से सग्रहमख शतचंडी

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। विद्याधाम मंदिर बिजासन रोड पर नवरात्रि में कल से सग्रहमख शतचंडी महायज्ञ होगा और प्रतिदिन सुबह संध्या वंदन, वेद पाठ, षोडशोपचार पूजन, शाम को सहस्त्रार्चन अवम महाआरती का आयोजन भी किया जाएगा। 15 अक्टूबर को ललिता सहस्त्र नामावली से माँ को प्रिय व्यंजनों की विशेष आहुतियाँ प्रदान की जाएगी। 20 अक्टूबर को विजया दशमी पर इस महायज्ञ की पूर्णाहुति होगी।

### राष्ट्रीय पवार क्षत्रिय महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। राष्ट्रीय पवार क्षत्रिय महासभा की क्षेत्रीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक कल रविवार 11 अक्टूबर को होगी। धार में प्रस्तावित राष्ट्रीय अधिवेशन, समाजहित के महत्वपूर्ण विषयों तथा मां वाग्देवी की प्रतिमा भारत लाने के संकल्प पर व्यापक मंथन होगा। प्रदेश के कई जिलों के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। उक्त जानकारी दीपक रहाँगडाले ने दी।

# जनविश्वास शिविर में हुए लाभान्वित



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। जिला आयुष अधिकारी इंदौर डॉ हंसा बारिया ने बताया कि मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान शिविर का आयोजन नगर परिषद सांवेर में आयोजित किया गया।

इसमें आयुष स्वास्थ्य परीक्षण परामर्श एवं निःशुल्क औषधि वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 187 रोगियों को आयुष औषधियों प्रदान कर लाभांन्वित किया एवं पोषण आहार, संतुलित आहार, योग अभ्यास की जानकारी प्रदान की। इस दौरान डॉ. राकेश गुप्ता, डॉ. ज्योति वर्मा, डॉ. रंजीता चौहान, डॉ. वंदना साहू, डॉ. रीना प्रजापत, संगीता मथुरिया, सतीश बोरदिया, कंपाउंडर संध्या जैन, मानु मण्डावी, राधा सिसोदिया, एल्वीन विक्टर, बहादुरसिंह माहिले, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता कृष्णा सुसनेर, दवासाज लीला रावत, जूरबाई चौहान, सचिन चौधरी, योग सहायक लाखन सिंह चौधरी मौजूद थे।

**इन्दौर नगर पालिक निगम**
**मां हरसिद्धी झोन क्र. 12**
**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **भगवती प्रसाद अलोने पिता स्व. रामेश्वरी अलोने** द्वारा झोन क्रमांक 12 राजस्व विभाग पर आवेदन के साथ रजिस्ट्री, वसीयतनामा, वारिसनाते, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र सहित अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर सर्विस नं. 1001156509 पता-32-3 वीर सावरकर नगर जी-1 दयाल अपार्टमेंट इन्दौर पर नामांतरण चाहा गया है।

सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.12 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**मां हरसिद्धी झोन क्र.-12**
**नगर पालिक निगम इन्दौर**

**इन्दौर नगर पालिक निगम**
**मां हरसिद्धी झोन क्र. 12**
**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **रसुल भाई/अब्बास भाई स्टेशनवाला** द्वारा झोन क्रमांक 12 राजस्व विभाग पर आवेदन के साथ रजिस्ट्री, वसीयतनामा, वारिसनाते, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र सहित अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर सर्विस नम्बर 1001117835 पता-182 खातीवाला टैंक 2-जी बादशाह पैलेस स्कीम 49 इन्दौर पर नामांतरण चाहा गया है।

सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.12 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**मां हरसिद्धी झोन क्र.-12**
**नगर पालिक निगम इन्दौर**

**इन्दौर नगर पालिक निगम**
**मां हरसिद्धी झोन क्र. 12**
**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **नासिर रंगवाला पिता शब्बीर हुसैन रंगवाला** द्वारा झोन क्रमांक 12 राजस्व विभाग पर आवेदन के साथ रजिस्ट्री, वसीयतनामा, वारिसनाते, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र सहित अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर सर्विस नम्बर 1001117175 पता-70 ई लोहा मंडी महावीर मार्केट खसरा नं. 1169-70 इन्दौर पर नामांतरण चाहा गया है।

सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.12 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**मां हरसिद्धी झोन क्र.-12**
**नगर पालिक निगम इन्दौर**

# आज आएंगे क्रिकेट के सितारे, कल शाम को खेला जाएगा मैच

## शहर में मैच को लेकर उत्साह, टी-शर्ट, कैप बैचने वाले भी आए, दूसरा मैच हारे, अब तीसरे मैच में वापसी करना चाहेगी टीम इंडिया

**इंदौर।** होलकर स्टेडियम में 11 अक्टूबर को भारत और वेस्टइंडीज के बीच होने वाले सीरीज के तीसरे अंतरराष्ट्रीय टी-20 मुकाबले के लिए आज दोनों टीमों के खिलाड़ी विशेष विमान से रांची से इंदौर दोपहर करीब 2:40 बजे पहुंचेंगे। मुकाबला कल शाम 7 बजे से खेला जाएगा। रांची में हुए दूसरे टी-20 मुकाबले भारत को हार मिली। वेस्टइंडीज ने रिकॉर्ड रन चेस कर सीरीज 1-1 से बराबर कर ली है । अब इंदौर में होने वाले तीसरे मैच में दोनों टीमें सीरीज में बढ़त लेने की कोशिश करेगी । इंदौर में भी हाई स्कोरिंग मैच होने की पूरी उम्मीद है ।

एयरपोर्ट से दोनों टीमें सीधे अपने-अपने होटलों के लिए रवाना होंगी। भारतीय टीम रेडिसन होटल में ठहरेगी, जबकि वेस्टइंडीज की टीम के लिए मैरियट होटल में ठहरेगी है । खिलाड़ियों की आवाजाही, सुरक्षा, अभ्यास और मैदान की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया।

**मैच को लेकर बन रहा महौल–** मैच को लेकर शहर में क्रिकेट का माहौल बनने लगा है । होलकर स्टेडियम के बाहर टीम इंडिया की जर्सी, टी-शर्ट और कैप की दुकानें सज गई हैं । क्रिकेट प्रेमी खरीदारी करने पहुंच रहे हैं । कई दर्शक भी टिकट की जुगाड़ में स्टेडियम के आस-पास भटकते नजर आ रहे है । बाहर से आने वाले दर्शक भी इंदौर पहुंचने लगे है। इस कारण होटलों का किराया महंगा हो गया है।

**खिलाड़ियों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान-** दोनों टीमों



को एयरपोर्ट से खिलाड़ियों को सुपर कॉरिडोर और एमआर-10 के रास्ते होटल पहुंचाया जाएगा। पूरे रास्ते में सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए है । होटलों के बाहर भी खास सुरक्षा व्यवस्था की गई है। सुरक्षा प्रबंधन में सीसीटीवी कैमरों के साथ टर्नस्टाइल और फेस रिकॉग्निशन जैसी तकनीकों के इस्तेमाल की तैयारी की जानकारी भी सामने आई है। इन व्यवस्थाओं के वास्तविक संचालन और लागू प्रोटोकॉल की पुष्टि संबंधित अधिकारियों से किया जाना जरूरी है।

**इंदौर के नितिन मेनन होंगे तीसरे अंपायर-** भारतीय टीम में इस मुकाबले के लिए इंदौर का कोई खिलाड़ी शामिल नहीं है, लेकिन मैच के तकनीकी संचालन में शहर की भागीदारी रहेगी। इंदौर के अंतरराष्ट्रीय अंपायर नितिन मेनन को भारत-वेस्टइंडीज टी-20 सीरीज में जिम्मेदारी सौंपी गई है। वह होलकर स्टेडियम में होने वाले मुकाबले में थर्ड अंपायर की भूमिका निभाएंगे।

**स्कोरिंग से लेकर डीएलएस तक, मध्य प्रदेश के चार लोगों को जिम्मेदारी-** मुकाबले के आयोजन में मध्य प्रदेश के चार लोगों को भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। बीसीसीआई ने इंदौर के जयंत वानखेड़े और मयंक थनवार को स्कोरर नियुक्त किया है। एमपीसीए ने इंदौर के अमित पारखे को मीडिया बॉक्स की जिम्मेदारी दी है, जबकि ग्वालियर के सुनील गुप्ता डीएलएस से जुड़ी जिम्मेदारी संभालेंगे।

**भारत की टीम में ये 15 खिलाड़ी शामिल-** भारत की घोषित टीम में संजू सैमसन, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, श्रेयस अय्यर, ईशान किशन, शिवम दुबे, अभिषेक शर्मा, अर्शदीप सिंह, तिलक वर्मा, रवि बिश्नोई, नितीश कुमार रेड्डी, मयंक यादव, नमन धीर, प्रिंस यादव और वैभव सूर्यवंशी के नाम शामिल हैं।

**स्टेडियम के बाहर सजीं जर्सी और कैप की दुकानें-**मैच से पहले होलकर स्टेडियम के बाहर क्रिकेट का उत्साह दिखाई देने लगा है। फुटपाथ पर टीम इंडिया की टी-शर्ट, जर्सी और कैप की दुकानें सज गई हैं। बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी यहां खरीदारी के लिए पहुंच रहे हैं। मुकाबले को लेकर प्रशंसकों में उत्साह है और शहर में क्रिकेट का माहौल बनने लगा है।

**स्टेडियम की 30 हजार दर्शकों की क्षमता–**होलकर स्टेडियम का नाम मराठा होलकर राजवंश के नाम पर रखा गया है। इसकी स्थापना 1990 में हुई थी। मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के स्वामित्व और संचालन वाले इस स्टेडियम की दर्शक क्षमता करीब 30 हजार बताई जाती है।

### करारी हार के बाद श्रेयस अय्यर बोले

# गेंदबाज नहीं कर सकते गलती

**रांची ।** दूसरे टी-20 मुकाबले में 249 रनों का विशाल पहाड़ जैसा स्कोर खड़ा करने के बावजूद भारतीय टीम को वेस्टइंडीज के हाथों 6 विकेट से करारी हार झेलनी पड़ी। कैरेबियाई बल्लेबाजों ने भारतीय गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ाते हुए 250 रनों के लक्ष्य को 1.3 ओवर रहते ही आसानी से हासिल कर लिया। इस शर्मनाक और हैरान कर देने वाली हार के बाद भारतीय कप्तान श्रेयस अय्यर का दर्द छलक उठा है। मैच खत्म होने के बाद अय्यर ने ओस और गेंदबाजों की गलतियों की ओर इशारा करते हुए बेहद तीखा बयान दिया है।

श्रेयस अय्यर ने क्या कहा?

मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह में बात करते हुए कप्तान श्रेयस अय्यर ने बेबसी जताते हुए कहा कि जब मैदान पर ओस आ जाती है, तो आप किसी सुरक्षित स्कोर का अनुमान नहीं लगा सकते।



अय्यर ने कहा, 'आप किसी स्कोर को सुरक्षित नहीं बता सकते, क्योंकि जब ओस आती है तो परिस्थितियां बहुत कठिन हो जाती हैं। यहां तक कि 249 रन जैसा विशाल स्कोर भी लगभग 2 ओवर बाकी रहते चेज हो गया। इस विकेट पर गेंदबाजों के लिए गलती की गुंजाइश बेहद मामूली थी। अगर आप जरा सा भी लेंथ से चूके, तो गेंद सीधे स्टैंड्स में जा रही थी।'

वेस्टइंडीज की तारीफ, लेकिन भारतीय गेंदबाजों को नसीहत

कैरेबियाई बल्लेबाजों शाई होप और शेरफेन रदरफोर्ड की आतिशी बल्लेबाजी की तारीफ करते हुए अय्यर ने स्वीकार किया कि उस एक साझेदारी ने भारत के हाथों से मैच छीन लिया। अय्यर ने आगे कहा, 'वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों ने अद्भुत बल्लेबाजी की, इसका पूरा श्रेय उन्हें जाता है। रदरफोर्ड और होप दोनों ने अपने-अपने डिपार्टमेंट में कमाल का प्रदर्शन किया। उस शतकीय साझेदारी के बाद पूरा मोमेंटम उनकी तरफ शिफ्ट हो गया।' हार की निराशा के बीच श्रेयस अय्यर ने संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा और युवा तेज गेंदबाज मयंक यादव के जुझारूपन की तारीफ की। मयंक ने पहले ही ओवर में दो विकेट लेकर भारत को स्वप्निल शुरुआत दिलाई थी। अय्यर ने कहा, 'हम संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा से इसी तरह की आक्रामक शुरुआत की उम्मीद करते हैं।

# तिलक वर्मा का धांसू धमाल

**रांची।** टी20 क्रिकेट में तेजी से बल्लेबाजी करते हुए निरंतर रन बनाना कभी आसान नहीं होता। जो बल्लेबाज विस्फोटक बैटिंग करता है उसका औसत खराब होता है तो अच्छे औसत वालों का स्ट्राइक रेट। भारतीय टीम के युवा बल्लेबाज तिलक वर्मा ने ऐसा कारनामा किया है, जो अभी तक टी20 क्रिकेट में कोई नहीं कर पाया है। भारत और वेस्टइंडीज के खिलाफ रांची में हुए टी20 सीरीज के दूसरे मैच में तिलक ने 44 रनों की नाबाद पारी खेली। उन्होंने इस दौरान सिर्फ 18 गेंदों का सामना किया और 3 चौकों के अलावा तीन ही छक्के मारे।

तिलक वर्मा ने इस पारी के दौरान टी20 क्रिकेट में अपने 5000 रन पूरे किए। इस फॉर्मेट में 144 बल्लेबाजों के 5 हजार या उससे ज्यादा रन हैं। तिलक इनमें इकलौते खिलाड़ी बन गए हैं, जिनका बल्लेबाजी औसत 40 से अधिक और स्ट्राइक रेट 140 से ऊपर है।

# होप ने रचा इतिहास

**रांची।** भारत और वेस्टइंडीज के बीच टी20 सीरीज के दूसरे मुकाबले में 500 से ज्यादा रन बन गए। भारत ने पहले 249 रन बनाए और वेस्टइंडीज ने जवाब में 9 गेंद रहते 250 रन बनाकर जीत हासिल कर ली। कप्तान शाई होप एक बार फिर जीत के हीरो रहे। वह पारी की शुरुआत करने उतरे और 19वें ओवर में टीम को जीत दिलाकर ही वापस लौटे। उनकी इस पारी के दौरान कई रिकॉर्ड बने। वेस्टइंडीज के लिए शाई होप ने कई रिकॉर्ड अपने नाम किए। यहां हम ऐसे ही 5 अहम रिकॉर्ड के बारे में बता रहे हैं।

**टी20आई में दूसरा बड़ा रनचेज-** यह अंतरराष्ट्रीय टी20 क्रिकेट के इतिहास का दूसरा सबसे बड़ी रनचेज था। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने 2023 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 259 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया था। अब वेस्टइंडीज ने भारत के खिलाफ 250 रन का लक्ष्य हासिल किया है। 2018 में



ऑस्ट्रेलिया की टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ 244 रन का लक्ष्य हासिल कर चुकी है। बुल्गेरिया की टीम भी लिस्ट में दो बार है। यह टीम 2025 में गिब्राल्टर के खिलाफ 244 और 2022 में सर्बिया के खिलाफ 232 रन का लक्ष्य हासिल कर चुकी है।

टी20 क्रिकेट के इतिहास में यह सातवां मौका था, जब किसी टीम ने 250 या उससे ज्यादा रन का लक्ष्य हासिल कर लिया। इस मामले में सबसे आगे वॉशिंगनट फ्रीडम की टीम है, जिसने एमआई न्यूयॉर्क के खिलाफ इसी साल 267 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया था।

# रूद्र नायर क्रिकेट एकेडमी की आसान जीत

**इंदौर।** आईडीसीए द्वारा आयोजित एवं एमपीसीए द्वारा प्रायोजित एमपीसीए अंडर-15 दो दिवसीय क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत आरएनसीए एवं स्टार क्लब के मध्य मैच खेला गया जिसमें स्टार क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 39 ओवरो में सभी विकेट खोकर 121 रन बनाये । आनंद राठौर ने 40 रन बनाये। सिद्धार्थ मिश्रा ने घातक गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट एवं आदित्य व्यास ने 3 विकेट लिये । जवाब में आरएनसीए की टीम ने अपनी पहली पारी में 70 ओवरो में सभी विकेट खोकर 204 रन बनाये। और 83 रनों की महत्वपूर्ण बढत प्राप्त की । जयदीप राठौर ने 82 रन एवं मन नरूला ने 34 रन बनाये। नैतिक चैधरी ने 4 विकेट लिये । जवाब में स्टार कलब ने अपनी दूसरी पारी में 43 ओवरो में 9 विकेट खोकर 114 रन बनायै।



# वेस्टइंडीज ने किया 'असंभव' रनचेज

**नई दिल्ली।** भारत और वेस्टइंडीज के बीच रांची के जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला गया दूसरा टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया। वेस्टइंडीज ने भारत द्वारा दिए गए 250 रनों के विशालकाय लक्ष्य को हासिल करके एक सनसनीखेज और ऐतिहासिक उलटफेर कर दिया। 6 विकेट की इस चमत्कारिक जीत के साथ ही कैरेबियाई टीम ने 5 मैचों की टी-20 सीरीज में 1-1 की बराबरी हासिल कर ली है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने बल्लेबाजों के मुफीद विकेट का पूरा फायदा उठाया।

# महाराजा रणजीतसिंह कॉलेज को वेट लिफ्टिंग पुरुष टीम चैम्पियनशिप का खिताब

**इंदौर।** महाराजा रणजीतसिंह कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल साइंसेस, इंदौर द्वारा म.प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल एवं देवी अहिल्या विश्वविद्यालय. इंदौर की सीधी संभाग स्तरीय अंतर महाविद्यालयीन वेट लिफ्टिंग (पुरुष-महिला) स्पर्धा का समापन श्रीराम जिम्नेशियम एवं स्पोर्ट्स क्लब, रॉबर्ट स्क्वायर पर संपन्न हुआ। स्पर्धा के पुरस्कार वितरण देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की शारीरिक शिक्षा विभाग की निदेशक डॉ. सुधीरा चंदेल, चयन समिति के अध्यक्ष श्री सी. बी. होलकर, डॉ. विकास कौशिक, डॉ. मुकेश सोलंकी, कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आनंद निघोजकर, विमल प्रजापत, विश्वामित्र अवार्डी दविंदर सिंह खनूजा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ । अतिथियों का स्वागत महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. प्रदीप पुरे, प्रो.प्रवीण कुमार शर्मा, डॉ. दीप्ति सेठी, क्रीड़ा समन्वयक डॉ. मितेश चौधरी, क्रीड़ा अधिकार डॉ. निलेश मंडलोई के द्वारा किया गया। स्पर्धा में आयोजक महाविद्यालय के खिलाड़ी विशाल पाल, परीक्षित सोनी, पृथ्वीराज चौहान, एवं पराग जैन ने अपने-अपने वजन समूह में क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त कर 15 अंक लेकर टीम चैम्पियनशिप की ट्रॉफी पर कब्जा किया। कॉलेज के खिलाड़ी विशाल पाल ने सर्वाधिक वजन उठाया और उन्हें स्पर्धा का बेस्ट लिफ्टर घोषित किया गया।



# कैफे में बैठे युवक की अचानक बिगड़ी तबीयत, मौत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

भंवरकुआं थाना इलाके में भोलाराम उस्ताद मार्ग के एक कैफे में बैठे एक युवक की अचानक तबीयत बिगड़ने से संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। कैफे से बेहोशी की हालत में अस्पताल ले जाए जाने पर चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है और मौत के वास्तविक कारणों की जांच शुरू कर दी है।

लोकनायक नगर निवासी 25 वर्षीय यश पिता हरीश भोलाराम उस्ताद मार्ग स्थित एक कैफे में बैठे हुए थे। इसी दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और वे अचेतन अवस्था में नीचे गिर पड़े। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए वहां मौजूद लोग और परिचित तुरंत उन्हें लेकर नजदीकी अस्पताल पहुंचे, जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया और मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।पीएम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

## जहर खाकर दी जान

**इंदौर।** गांधी नगर इलाके में पुंजापुरा देवास निवासी युवक श्रवण पिता मोहन (30) ने जहर खा लिया। उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मृत्यु हो गई।पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

## जलने से युवती की मौत

**इंदौर।** आजाद नगर थाना क्षेत्र के इदरीश नगर में रहने वाली शिवानी पति नीरज (19) की संदिग्ध परिस्थितियों में जलने से मौत हो गई।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।




# दाल मिल कर्मचारी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**आजाद नगर थाना क्षेत्र के पवनपुरी कॉलोनी में आपसी कलह और पारिवारिक तनाव के चलते एक युवक ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक दाल मिल में पैकिंग का कार्य करता था। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए एमवाय अस्पताल भिजवा दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।**

पुलिस के अनुसार, 34 वर्षीय सुनील पिता गुलाब सिंह पवनपुरी कॉलोनी में रहते थे और स्थानीय एक दाल मिल में मजदूरी व पैकिंग का काम करते थे। मृतक के दोस्त दीपक सिलावट ने बताया कि दो दिन पूर्व रात के वक्त सुनील का अपनी पत्नी से किसी बात को लेकर आपसी विवाद हो गया था, जिसके बाद पत्नी अपने मायके चली गई थी। कल जब पत्नी मायके से वापस अपने घर लौटी, तो अंदर का नज़ारा देख उसके होश उड़ गए। सुनील घर के कमरे में फंदे पर लटका हुआ था। आनन-फानन में घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। शुरुआती जांच में पारिवारिक कलह को ही इस आत्मघाती कदम का मुख्य कारण माना जा रहा है।

# 9वीं की छात्रा ने की आत्महत्या, फांसी पर झूली

**इंदौर।** द्वारकापुरी थाना क्षेत्र के स्कीम नंबर 71 में घर में अकेली 9वीं कक्षा की एक छात्रा ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। घटना के वक्त माता-पिता घर से बाहर काम पर गए थे, जबकि उनका मूकबधिर भाई दूसरे कमरे में होने के कारण इस अनहोनी से अनजान रहा। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया है।

रणजीत हनुमान के पीछे स्थित स्कीम नंबर 71 में रहने वाली 14 वर्षीय वैष्णवी पिता राजीव पुरी स्थानीय स्कूल में 9वीं कक्षा की छात्रा थी। शनिवार को माता-पिता अपनी रोजी-रोटी के सिलसिले में घर से बाहर गए हुए थे। घर पर वैष्णवी के साथ उसका भाई मौजूद था, जो कि मूकबधिर है, जिसके चलते वह किसी भी प्रकार की आहट या आवाज पर तुरंत प्रतिक्रिया नहीं दे सका। बताया जा रहा है कि छात्रा ने अंदर से कमरे का दरवाजा कुंडी लगाकर फंदा लगा लिया। काफी देर तक जब अंदर से कोई हलचल नहीं हुई और दरवाजा नहीं खुला, तो वहां पहुंची उसकी मौसी और उनके बेटों ने अनहोनी की आशंका के चलते किसी तरह दरवाजा तोड़ा। अंदर का दृश्य देखकर उनके होश उड़ गए, वैष्णवी फंदे पर लटकी हुई थी। तत्काल घटना की सूचना द्वारकापुरी थाना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। शुरुआती जांच में आत्महत्या के स्पष्ट कारणों का खुलासा नहीं हो सका है।

## दुर्घटना में नाबालिग की मौत

**इन्दौर।** कनाडिया थाना क्षेत्र के बायपास क्षेत्र में एक नाबालिग की मौत का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि फिनिक्स मॉल के पीछे 17 साल के नाबालिग की दुर्घटना में मौत हुई है। वहीं उसका साथी सुरेश निवासी देवास घायल हुआ है।





## बंगाली ब्रिज पर टकराई दो बाइक, चालक घायल

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** बंगाली चौराहा के ओव्हरब्रिज पर दो बाइक के टकराने की घटना सामने आई है। बाइक के टकराने के बाद दोनों बाइक चालक सडक पर जा गिरे। बताया जा रहा है कि एक चालक गिरते ही बेसुध हो गया। राहगिरों ने चालक को अस्पताल पहुंचाया।

## बाइक टच होने पर युवकों ने राहगीर की गाड़ी गिराकर पीटा

**इंदौर।** लसूड़िया थाना क्षेत्र में वाहन निकालने की मामूली सी बात पर विवाद इतना बढ़ गया कि बाइक सवार दो युवकों ने एक राहगीर के साथ जमकर गाली-गलौज और मारपीट की। आरोपियों ने पीड़ित की खड़ी हुई मोटरसाइकिल को भी धक्का देकर गिरा दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, ज्ञानशिला सुपर सिटी निवासी ओमेंद्र सिंह पिता हरनाथ सिंह अपनी मोटरसाइकिल से भारतमाता चौराहा, ज्ञानशिला सुपर सिटी के पास से गुजर रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रहे एक अन्य मोटरसाइकिल चालक क्र. एमपी 09 एई 7087 और उसके साथ पीछे बैठे साथी ने अपनी बाइक तेजी से और जबरदस्ती ओमेंद्र की गाड़ी के आगे से निकाली। इस दौरान उनकी बाइक का टायर ओमेंद्र की गाड़ी से रगड़ा गया। इस पर जब ओमेंद्र ने आपत्ति जताते हुए कहा कि ठीक से गाड़ी क्यों नहीं चला रहे हो, तो दोनों आरोपी आग बबूला हो गए और गालियां देने लगे। विवाद बढ़ाने की नीयत से वे ओमेंद्र के पास आए और उनकी खड़ी हुई मोटरसाइकिल को टल्ला मारकर सड़क पर गिरा दिया। इसके बाद भी जब उनका गुस्सा शांत नहीं हुआ, तो वे बाइक से उतरकर चौराहे पर ही पीड़ित के साथ लात-घूंसों से मारपीट करने लगे। घटना के बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर पूरी घटना की शिकायत दर्ज कराई। लसूड़िया थाना पुलिस ने आरोपियों अर्जुन और कालू दोनों निवासी ज्ञानशिला सुपर सिटी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# बैंक खाते से उड़ाए 1.96 लाख रुपए

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**कनाड़िया थाना क्षेत्र में साइबर अपराधियों ने एक बार फिर सेंध लगाते हुए बैंक खाते से धोखाधड़ी कर 1.96 लाख रुपए से अधिक की रकम पार कर दी। पीड़ित को इस ठगी का पता तब चला जब वे अपनी बैंक शाखा में पासबुक अपडेट कराने पहुंचे। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तकनीकी जांच शुरू कर दी है।**

**बुजुर्ग के खाते से हुए दो यूपीआई ट्रांजेक्शन, पुलिस और साइबर सेल जांच में जुटी**

पुलिस सके अनुसार, शांति विहार कॉलोनी निवासी 69 वर्षीय सतीश पिता रणछोड़ लाल सोनी अपनी बैंक शाखा में खाता स्टेटमेंट की जांच कराने गए थे। बैंक स्टेटमेंट देखने पर उन्हें पता चला कि उनके खाते से उनकी बिना अनुमति या जानकारी के दो बार ऑनलाइन पैसे ट्रांसफर किए गए हैं। रिकॉर्ड के मुताबिक, पहला ट्रांजेक्शन 7 अक्टूबर 2026 को 98,001 का हुआ, जो यूपीआई के माध्यम से फिनो पेमेंट बैंक से जुड़े एक खाते में ट्रांसफर किया गया। इसके बाद दूसरा ट्रांजेक्शन 8 अक्टूबर 2026 को 98,100 का यूको बैंक के चिराग पांचाल नामक यूपीआई आईडी पर किया गया। इस प्रकार कुल 1,96,101 की राशि उनके खाते से अनाधिकृत रूप से निकाल ली गई। खाते से इतनी बड़ी रकम कटने की जानकारी मिलते ही पीड़ित के होश उड़ गए। उन्होंने तत्काल कनाड़िया थाने पहुंचकर अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आईपीसी और आईटी एक्ट की प्रासंगिक धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है तथा ट्रांजेक्शन से जुड़े यूपीआई आईडी और बैंक खातों के आईपी एड्रेस व ट्रेल के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# ई-रिक्शा की टक्कर के बाद भिड़े दो पक्ष

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** पलासिया चौराहा स्थित इंडस्ट्रीज हाऊस के समीप ई-रिक्शा की टक्कर के बाद दो पक्षों के विवाद का मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर विवाद का वीडियो वायरल हो रहा है। विवाद बढ़ने पर हाथापाई की नौबत भी आ गई। दोनों पक्षों में महिलाएं भी शामिल थी। हंगामे के कारण रोड पर जाम भी लग गया।



स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा।